

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 158

ग्वालियर, शुक्रवार, 25 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## हिजाब के बाद पगड़ी विवाद: बेंगलुरु के कॉलेज में सिख छात्रा को पगड़ी हटाने को कहा गया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में चल रहे हिजाब विवाद का घमासान शांत भी नहीं हुआ और अब राज्य की राजधानी बेंगलुरु में पगड़ी विवाद पैदा हो गया है। यहां सिख समुदाय से आने वाली 17 वर्षीय अमृतधारी छात्रा को पगड़ी हटाने के लिए कहा गया। इसके कॉलेज ने 10 फरवरी को कर्नाटक उच्च न्यायलय की तरफ से जारी हुए अंतरिम आदेश का हवाला दिया। कोर्ट ने छात्रों से केसरिया शॉल, हिजाब और धार्मिक झंडों को कक्षा में पहनने से बचने के लिए कहा था। सिख छात्रा के परिवार का कहना है कि कर्नाटक सरकार और उच्च न्यायालय को मामले पर सफाई देनी चाहिए और निर्देश जारी करने चाहिए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु के माउंट कार्मल पीयू कॉलेज की छात्र को विनम्रता से पगड़ी हटाने के लिए पहली बार 16 फरवरी को कहा गया था, जिसपर छात्रा ने इनकार कर दिया था। इसके बाद कॉलेज ने छात्रा के पिता से बात की थी कि वे सिख के लिए पगड़ी की अहमियत समझते हैं, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बंधे हुए हैं। खास बात है कि छात्रा छात्र संगठन की अध्यक्ष भी है। कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा, 'हमें छात्रा के पगड़ी पहनने से अब तक कोई परेशानी नहीं थी। जब 16 फरवरी को कॉलेज खुले, तो हमने सभी छात्रों को कोर्ट के आदेश के बारे में बताया है



और हमारी सामान्य गतिविधियों में जुड़ गए। मंगलवार को जब प्री-यूनिवर्सिटी एजुकेशन (नॉर्थ) के डिप्टी डायरेक्टर कॉलेज पहुंचे, तो उन्होंने हिजाब पहने हुए लड़कियों के समूह को देखा और उन्हें दफ्तर में बुलाया और हाईकोर्ट के आदेश के बारे में बताया।' उन्होंने आगे कहा, 'ये लड़कियां अब मांग कर रही हैं कि किसी भी लड़की को धार्मिक चिन्ह पहनने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए और इसलिए सिख लड़की को भी पगड़ी पहनने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। हमने लड़की के पिता से बात की और बाद में उन्हें मेल किया। हमने उन्हें आदेश के बारे में बताया और पालन करने के लिए कहा। पिता ने जवाब दिया कि वह (पगड़ी) उनके जीवन का अभिन्न अंग है। हम इसमें दखल नहीं देना चाहते, लेकिन दूसरी लड़कियां समानता पर जोर दे रही है और इसलिए हमने मेल किया।' उप निदेशक ने जी श्रीराम ने जानकारी दी, 'हाईकोर्ट के आदेश में पगड़ी के बारे में कुछ नहीं कहा गया। हमें और मुद्दे नहीं बढ़ाने चाहिए। हमें केवल हाईकोर्ट के आदेश का पालन करना होगा। जब मैंने प्रिंसिपल से पूछा, तो उन्होंने कहा कि लड़कियां मान गई हैं और कॉलेज में अब कोई परेशानी नहीं है।' आईटी कंपनी में बड़े पद पर काम करने वाले लड़की के पिता गुरुचरण सिंह ने अधिकारियों को जानकारी दे दी है कि वह पगड़ी नहीं हटाएगी। अखबार से बातचीत में उन्होंने कहा, 'उसने अब तक कॉलेज में किसी भेदभाव का सामना नहीं किया।

## यूक्रेन पर रूस के हमले से 10 रुपए बढ़ सकती है पेट्रोल-डीजल की कीमत

**नई दिल्ली।** रूस ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। सात साल में पहली बार कच्चे



तेल की कीमत इस स्तर पर पहुंची है। रूस दुनिया में कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, जबकि नेचुरल गैस का सबसे बड़ा प्रॉड्यूसर है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड का दाम 6.28 डॉलर बढ़कर 102.80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया, जबकि डब्ल्यूटीआई की कीमत 5.74 डॉलर की तेजी के साथ 98.84 डॉलर पहुंच गई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की घोषणा की और साथ ही दूसरे देशों को इससे दूर रहने की चेतावनी दी है। इससे कच्चे तेल की कीमत सितंबर 2014 के बाद पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। इससे देश में पेट्रोल-डीजल की कीमत में आने वाले दिनों में भारी तेजी आ सकती है। देश में दिवाली के बाद से पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## रूस ने यूक्रेन पर नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे पर किए 30 से ज्यादा हमले, कलिब्र मिसाइल का भी किया उपयोग

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का एलान कर दिया है। दोनों देशों के बार्डर हिस्से पर हालात और भी ज्यादा खतरनाक हो चुके हैं। इस बीच, यूक्रेन के 40 से अधिक सैनिक और लगभग 10 आम नागरिक रूस के हमले में मारे गए हैं। यह जानकारी समाचार एजेंसी एएफपी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के हवाले से दी है। साथ ही यूक्रेन की सेना का कहना है कि रूस ने यूक्रेन पर 30 से अधिक हमलों के साथ नागरिक और सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया है, जिसमें कलिब्र क्रूज मिसाइल भी शामिल है। यह जानकारी समाचार एजेंसी रायटर ने दी है।



### हवाई हमले के सायरन बजने के बाद मेट्रो स्टेशन में लगी भीड़

युद्ध के एलान के बाद से यूक्रेन में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार रूस द्वारा अपने संभावित सैन्य हमले की शुरुआत के बाद देश के प्रमुख शहरों में हवाई हमले के सायरन बजने से डरे हुए यूक्रेनियन (यूक्रेन में रह रहे लोग) आज राजधानी कीव में मेट्रो स्टेशनों पर पहुंचे हुए हैं।

यूक्रेन पर बढ़ते हवाई हमलों के बीच भारत सरकार ने एक और एडवाइजरी जारी की है। दोहा की राजधानी कतर में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत सरकार और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत-कतर द्विपक्षीय हवाई व्यवस्था के तहत यूक्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को पारगमन से यात्रा करने की अनुमति दी है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने अपनी तीसरी एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को सलाह दी कि अगर किसी भारतीय नगारिक को हवाई सायरन या बम की चेतावनी मिल रही है तो वे बम बचाव घरों में जाएं। रूस यूक्रेन पर तेजी से हवाई हमले करता ही जा रहा है। इस बीच, समाचार एजेंसी एएफपी ने जानकारी दी है कि यूक्रेन के ओदेसा के पास रूसी हमले से 18 की और मौत हो गई है।

### राजधानी कीव में भारतीय दूतावास कर रहा है काम

यूक्रेन पर हमले के बीच भारतीय राजदूथ पार्थ सत्पथ्य ने कहा कि राजधानी कीव स्थित दूतावास खुला हुआ है और काम कर रहा है। हम इस कठिन परिस्थिति का समाधान खोजने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। यूक्रेन में हजारों भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि विदेश मंत्रालय यूक्रेन से छात्रों सहित लगभग 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए कदम उठा रहा है। चूंकि यूक्रेन में हवाई क्षेत्र बंद है, भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। केंद्र सरकार सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। साथ ही विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि मैंने यूक्रेन में मलयाली छात्रों से फोन पर बात की। यूक्रेन के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले भारतीय छात्रों ने हमें बताया कि उन्हें खाना, पानी और बिजली मिल रही है। छात्र और अभिभावक घबराएं नहीं। सरकार ने इराक जैसी जगहों से भी भारतीयों को वापस लाए हैं।


## महिला पोलिंग अफसर रीना द्विवेदी अब अपनी वेस-?टर्न ड्रेस को लेकर चर्चा में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बीच एक महिला पीठासीन अधिकार रीना द्विवेदी अब अपनी पीली साड़ी के बजाय अपनी पश्चिमी ड्रेस को लेकर चर्चा में हैं। लखनऊ की रहने वालीं रीना द्विवेदी



इस बार राजधानी के मोहनलालगंज विधानसभा के गोसाईगंज बूथ पर कुछ अलग लुक में नजर आईं। रीना द्विवेदी इस बार ब्लैक स्लीवलेस टॉप और व्हाइट ट्राउजर में दिखीं। आंखों पर ब्लैक सनग्लास पहनीं रीना की तस्वीर फिर से सोशल मीडिया में वायरल होने लगी है। रीना द्विवेदी ने कहा कि वह किसी एक ड्रेसिंग सेंस में बंधी हुई नहीं हैं। वह हर तरह की ड्रेस और फैशन को फॉलो करती हैं। काम के साथ-साथ हर चीज पर ध्यान देती हैं। यह उनकी खुशकिस्मती है कि लोग उन्हें पसंद करते हैं। रीना कहती हैं कि ठंड का समय था इसलिए वेस्टर्न ड्रेस पहन लिया। उन्होंने कहा कि वह हर तरह की ड्रेस पहनती हैं। रीना द्विवेदी ने बताया कि पीली साड़ी की वजह से लोग उन्हें जानने लगे हैं। जब लोग वोट डालने आते हैं तो उनके साथ सेल्फी लेते हैं। अगर उनके कारण वोटिंग में 1 परसेंट में भी बढ़ोतरी होती है तो यह उनके लिए बड़ी खुशी की बात है। आपको बता दें कि लखनऊ में भले ही सुबह 5 बजे तक कुल 55.08 प्रतिशत मतदान हुआ।

## यूक्रेन पर हमले के बाद पाकिस्तानी पीएम इमरान ने खत्म की रूसी यात्रा



**इस्लामाबाद।** यूक्रेन पर हमले के कुछ घंटे बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने रूस का दो दिवसीय दौरा खत्म कर दिया। इस बीच अमेरिका ने कहा है वह पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के रूस दौरे से अवगत था। पाकिस्तान के सरकारी अधिकारियों ने इमरान खान की रूस यात्रा के संबंध में कुछ ही जानकारियां साझा की हैं। उनका यह दौरा एक महीने से भी अधिक समय पहले से तय था और इसे पाकिस्तान की ऊर्जा जरूरतों पर केंद्रित रहने की अपेक्षा की थी। पिछले 23 वर्षों में रूस का दौरा करने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। इमरान बुधवार को मास्को पहुंचने के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी मिलने वाले थे, हालांकि विदेश विभाग ने इस मुद्दे पर फिलहाल कोई बात नहीं की है। यूक्रेन को लेकर रूस व पश्चिमी ताकतों में तनातनी के बीच इमरान खान के दौरा जारी रखने के फैसले ने कई विश्लेषकों को चकित कर दिया था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने वाशिंगटन में मीडिया के एक सवाल पर कहा, %हमने यूक्रेन पर रूसी हमले के संबंध में पाकिस्तान को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्हें यह भी बता दिया गया है कि हम युद्ध के बजाय कूटनीति के जरिये इस संकट का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।% उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक देश की जिम्मेदारी है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर हमले के फैसले पर आपत्ति दर्ज कराए। इमरान खान के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी रूस गया था। इसमें सूचना मंत्री फवाद चौधरी, विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, योजना एवं विकास मंत्री असद उमर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डाक्टर मोइद युसुफ शामिल थे।

## खास खबर

### नीलगाय शीशा तोड़ती हुई कार के अंदर जा घुसी, गाय ने दम तोड़ा

**हापुड़।** उत्तरप्रदेश के हापुड़ से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। गांव झड़ीना के जंगल से नीलगाय शीशा तोड़ती हुई कार के अंदर जा घुसी। शीशे में फंसने के बाद नीलगाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना में कार चालक को मामूली चोट आई है। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों की सहायता से बड़ी मुश्किल से नीलगाय को बाहर निकाला। मेरठ के गांव असीलपुर निवासी फुरकान अहमद कार से अपने गांव लौट रहा था। जब वहां मध्य गंगा नहर पटरी पर झड़ीना गांव के पास पहुंचा,तब अचानक तेज रफ्तार से आई नीलगाय की कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि आगे का शीशा टूट गया और नीलगाय कार में घुस गई। हादसा होने पर काफी लोग मौके पर जमा हो गए। घायल कार चालक को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।इस दौरान नील गाय ने दम तोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया। इस हादसे को देखकर ऐसा लग रहा है कि नीलगाय सड़क पार करना चाह रही थी तभी अचानक कार उसके सामने आ गई।कार में नीलगाय काफी देर तक फंसी रही। स्थानीय लोगों ने कुछ कोशिश जरूर की लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल सकी।

### उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी कांग्रेस : हार्दिक पटेल

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस उम्मीद से कहीं ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेगी और मजबूत बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद देश की राजनीति करवट लेगी। पटेल ने उम्मीद जताई कि पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी और उत्तर प्रदेश में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस नेता पटेल ने कहा मैंने पंजाब, उत्तराखंड और यूपी में अपनी पार्टी के लिए प्रचार किया है। मैं यह कह सकता हूं कि लोगों में कांग्रेस को लेकर उत्साह है। इसके साथ ही पटेल ने तीनों राज्यों में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा भी किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और मजबूत बनकर सामने आएगी। इसके साथ ही पटेल ने कहा कि पांच राज्यों के चुनावी नतीजों की वजह से देश की राजनीति नई करवट लेगी और कांग्रेस केंद्र की सत्ता की ओर एक बार फिर से कदम बढ़ाएगी। इससे पहले हार्दिक पटेल ने कहा कि अगर गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण के लिए 2015 में किए गए पाटीदार आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी शेष आपराधिक मामलों को वापस नहीं लेती है तो 23 मार्च के बाद राज्य में आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख 8 मई तय

**चमोली।** इस साल चार धाम यात्रा शुरू करने को लेकर तैया?रियां शुरू हो गई हैं। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख 8 मई तय हो गई है। चार धाम यात्रा के लिए तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए उत्तराखंड प्रशासन में भी हलचलें देखी जा रही हैं। बद्रीनाथ धाम के रूट और मार्ग में सुरक्षा संबंधी तमाम तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए चमोली की एसपी श्वेता चौबे पहुंचीं। उन्होंने बद्रीनाथ धाम के रूट संबंधी प्लान के बारे में चर्चा की, संवेदनशील पॉइंट्स का मुआयना किया और अफसरों को यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की तमाम सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ धाम का मुआयना कर लौटते समय चौबे ने मीडिया को बताया कि बद्रीनाथ धाम के रूट पर सुरक्षा के लिहाज़ से इंतज़ाम किए जा रहे हैं। बाजपुर, चमोली, बिरही चढ़ा समेत हेलांग इलाकों को यात्रा के समय वन वे रूट रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि क्षेत्रपाल, पागलनाला, गुलाबकोटी, मारवाड़ी और हेलांग इलाकों को खतरनाक स्पॉट्स के रूप में चिह्नित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश में अब बाहुबली नहीं बजरंगबली दिखते हैं, बहराइच में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह



**बहराइच।** केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को केंद्रित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गौरव वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। कैसरगंज के देवलखा के निकट भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे तो उत्तर प्रदेश सुरक्षित रहेगा। योगी सरकार ने माफियाओं पर नकेल कस दी है। आजम, मुख्तार, व अतीक जैसे तुर्रम खा जेल में है।

उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश सरकार में आ गए तो ये सब जेल से बाहर आ जाएंगे और प्रदेश से कानून राज समाप्त हो जाएगा। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि योगी ने ऐसा शासन चलाया कि कहीं बाहुबली नहीं दिखाई देते बल्कि हर जगह बजरंगबली ही दिखाई देते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि यह नाम के समाजवादी हैं उन उन्हें अपने परिवार के लोग ही दिखाई पड़ते हैं।जब वह सरकार में थे तो इनके घर के 45 लोग सत्ता में थे। अखिलेश ने कहा था कि धारा 370 हटी तो देश में खून की नदियां बहेगी। लेकिन मोदी जी के सुशासन में एक पत्थर फेंकने की किसी की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भारत की सेना व भारत की सीमा पर कोई आंख उठा कर नहीं देख सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि प्रथम द्वितीय तृतीय व चतुर्थ चरण में सपा बसपा का सूपड़ा साफ हो गया है। पांचवें चरण में आप सभी को सिर्फ मजबूत इमारत बनानी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बहुत ही कमजोर गेंदबाज है।उन्होंने फुलटास गेंद डाल दी है और अब सिर्फ आपको चौका लगाना है और भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाना है।इस मौके पर सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, जिला प्रभारी नीरज सिंह ,ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, रणवीर सिंह मुन्ना, जिला अध्यक्ष श्याम करन टेकडीवाल, राम राज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुबेद वर्मा, शिव सहाय सिंह, शिवानंद सिंह, ब्लाक प्रमुख सौरभ वर्मा,कौशलेंद्र विक्रम सिंह, गजेंद्र सिंह ,मनीष सिंह ,नीरज श्रीवास्तव, कौशलेंद्र चौधरी सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कृषि और ग्राम्य जीवन परिवर्तन का एक बहुत बड़ा साधन बन सकता है बजट : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** कृषि और ग्राम्य जीवन परिवर्तन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बजट के प्रावधानों को लेकर चर्चा की। अपनी चर्चा में प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सुखद संयोग है कि 3 साल पहले आज ही के दिन पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई थी। ये योजना आज देश के छोटे किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है। उन्होंने कहा कि इसके तहत देश के 11 करोड़ किसानों को लगभग पौने 2 लाख करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं। इस योजना में भी हम स्मार्टनेस का अनुभव कर सकते हैं। सिर्फ एक क्लिक पर 10-12 करोड़ किसानों के बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर होना अपने आप में हर भारतीय के लिए गर्व करने वाली बात है। मुझे विश्वास है कि अगर हम हमारे किसानों को, एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज को,



हमारे एग्रीकल्चर स्टूडेंट्स को, एक प्लेटफार्म पर लाकर आगे बढ़ेंगे, तो बजट सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं रहेगा। बजट जीवन परिवर्तन, कृषि परिवर्तन और ग्राम जीवन परिवर्तन का एक बहुत बड़ा साधन बन सकता है।

इसके साथ ही मोदी ने कहा कि बीते 7 सालों में हमने बीज से बाज़ार तक ऐसी ही अनेक नई व्यवस्थाएं तैयार की हैं, पुरानी व्यवस्थाओं में सुधार किया है। सिर्फ 6 सालों में कृषि बजट कई गुणा बढ़ा है। किसानों के लिए कृषि लोन में भी 7 सालों में ढाई गुणा की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक खेती को प्रोत्साहन देने के कारण, आज ऑर्गेनिक प्रोडक्ट का बाजार भी अब 11 हजार करोड़ का हो चुका है। इसका एक्सपोर्ट भी 6 वर्षों में 2 हजार करोड़ से बढ़कर 7 हजार करोड़ हो रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार के बजट में कृषि को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए मुख्य रूप से 7 रास्ते सुझाए गए हैं। मोदी ने कहा कि पराली का प्रबंधन किया जाना जरूरी है। इसके लिए इस बजट में कुछ नए उपाय किए गए हैं जिससे कार्बन एमीशन भी कम होगा और किसानों की आय भी होगी। पहला- गंगा के दोनों किनारों पर 5 किमी के दायरे में नेचुरल फार्मिंग को मिशन मोड पर कराने का लक्ष्य है।

## 'प्रेम संबंध' और 'शादी से इनकार' जमानत का आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष अदालत ने अपने एक अहम फैसले में कहा कि लड़की और आरोपी के बीच 'प्रेम संबंध' और कथित तौर पर 'शादी से इनकार' जैसे आधारों का पॉक्सो के मामले में जमानत के मुद्दे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम 2012 के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या अदालत के समक्ष सामग्री से प्रतीत होता है कि जब कथित अपराध हुआ था तो अपीलकर्ता की



उम्र बमुश्किल तेरह वर्ष की थी। इसने कहा कि इन दोनों आधारों का जमानत देने पर कोई असर नहीं पड़ेगा कि अपीलकर्ता (लड़की) और प्रतिवादी (आरोपी) के बीच 'प्रेम संबंध' थे और साथ ही कथित तौर पर शादी से इनकार करने वाली परिस्थितियां थीं। पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा, 'अभियोजन पक्ष की उम्र और अपराध की प्रकृति एवं गंभीरता को देखते हुए जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता।' शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि आरोपी को तुरंत आत्मसमर्पण करना चाहिए। लड़की की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर और अधिवक्ता फौजिया शकील ने कहा कि पीड़िता की जन्म तिथि एक जनवरी 2005 है और कथित अपराध के समय उसकी उम्र केवल तेरह वर्ष थी। आरोपी की ओर से पेश अधिवक्ता राजेश रंजन की इस दलील पर कि उनका मुवक्किल एक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाला छात्र है और उसे पूरे मुकदमे के दौरान जमानत नहीं मिलेगी।

## न्यूज़ ट्रैक....

### आर्चर का सामना करना चाहते हैं यश

**नई दिल्ली ।** अंडर 19 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान यश ढुल का कहना है कि वह आईपीएल में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का सामना करना चाहते हैं। साथ ही वह बल्लेबाजी के दौरान सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के साथ साझेदारी बनाना चाहेंगे। यश को हाल ही में संपंन हुई आईपीएल 2022 मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 50 लाख रुपए में खरीदी था। यश के अनुसार वह दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से मिलने और उनके मार्गदर्शन में खेलने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, आर्चर एक ऐसा गेंदबाज है जिसका मैं सामना करना चाहता हूं। वह वास्तव में अपनी गेंदबाजी में शानदार है। वहीं रणजी ट्रॉफी में पदार्पण के बारे में बात करते हुए ढुल ने कहा कि जब उन्होंने टीम के लिए ओपनिंग करने के लिए कहा तो उन्होंने अपने को हालातों के अनुसार ढ़ाला। इसी कारण उन्हें सफलता मिली। साथ ही कहा कि मुझे खुद पर पूरा भरोसा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। इस खिलाड़ी ने यह यह भी कहा कि जब अंडर-19 विश्व कप के दौरान कोविड-19 के कारण टीम परेशान थी तब सलाहकार रहे पूर्व क्रिकेटर लक्ष्मण सर ने टीम को प्रेरित किया। वह वीडियो कॉल के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते थे। इसके अलावा टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी खिताबी मुकाबले से पहले टीम से बात कर उसका हौंसला बढ़ाया था जिसका भी हमें लाभ मिला था।

### 10 मार्च के बाद होंगे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज

**मुम्बई ।** पूर्व क्रिकेटरों की रोड सेफ्टी वर्ल्ड अगले माह सीरीज शुरु हो सकती है। यह सीरीज चार स्थलों पर खेली जा सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार यह टूर्नामेंट हैदराबाद, विशाखापत्तनम, लखनऊ और इंदौर में आयोजित किये जाने की संभावनाएं हैं। लखनऊ में चुनाव को देखते हुए ही ये मैच 10 मार्च के बाद ही होंगे। आयोजक इस टूर्नामेंट को फरवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू करना चाहते हैं जबकि फाइनल मार्च के अंतिम सप्ताह तक होगा। इससे पहले रायपुर में हुए रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के उद्घाटन संस्करण में भारत, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज की टीमों ने भाग लिया था।

### हाई परफोरमेंस सेंटर से निकलेंगे चैम्पियन खिलाड़ी : पटनायक

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा है कि एथलेटिक्स हाई परफोरमेंस सेंटर (एचपीसी) आने वाले वर्षों में 'चैम्पियनों का हब' केन्द्र बनकर उभर सकता है। एचपीसी का परिचालन साल 2019 से शुरू हुआ था। पटनायक कलिंग स्टेडियम के अपने दौरे में एचपीसी के खिलाड़ियों से भी मिले। वह भारत के पहले उत्कृष्टता इंडोर ट्रैक के लिये चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति को देखने के लिए यहां पहुंचे थे। मुख्य मंत्री ने उम्मीद जतायी कि इंडोर सुविधा ''भारत में एथलेटिक्स के विकास को काफी बढ़ावा देगी और आगामी वर्षों में चैम्पियनों को तैयार करने का (केंद्र) बनेगी। ''

# श्रीलंका के खिलाफ जीत का सिलसिला बनाए रखने के लिए मैदान में उतरी टीम इंडिया

**लखनऊ ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली शानदार जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में भी जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी। इस सीरीज में हालांकि भारतीय टीम को अपने दो खिलाड़ियों सूर्यकुमार यादव और दीपक चाहर के बिना ही उतना होगा। यह दोनो ही चोटिल होने के कारण सीरीज से बाहर हो गये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ इन दोनो ने ही शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में इनका बाहर होना भारतीय टीम के लिए करारा झटका रहेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप को देखते हुए इस सीरीज में अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी को आजमा सकते हैं। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम ने विराट कोहली, ऋषभ पंत को आराम दिया है जबकि लोकेश राहुल चोटिल होने के कारण बाहर हैं। ऐसे में युवा खिलाड़ियों इशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन को अवसर मिलना तय है।



कोहली के टीम में नहीं होने कारण मध्य क्रम में अय्यर के पास अधिक ओवर खेलने और बड़ा स्कोर बनाकर अपनी जगह पक्की करने का अच्छा अवसर रहेगा। कोहली की वापसी के बाद उनका नंबर तीन पर खेलना तय है। रुतुराज और अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 में रन नहीं बना पाये थे , ऐसे में अब यह दोनो ही श्रीलंका के खिलाफ बड़े स्कोर बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने 'फिनिशर' की भूमिका अच्छी तरह से निभायी थी। इस सीरीज में यदि वह अपनी गेंदबाजी भी बेहतर कर लें तो विश्व कप में उन्हें ऑलराउंडर के तौर पर जगह मिल सकती है। सूर्यकुमार और चाहर के चोटिल होने के कारण बाहर होने से ऑलराउंडर होने के कारण वेंकटेश पर जिम्मेदारी बढ़ गयी है। सैमसन को भी टीम में शामिल किया गया है और अब यह देखना होगा कि टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में किस प्रकार से जगह देता है। स्पिनर रवि बिश्नोई ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था , इसलिए उन्हें अंतिम ग्यारह में जगह मिलना तया है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह की वापसी से वह बेहतर हुआ है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, इशान किशन (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान।

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसाल मेंडिस, चरित असलंका (उप-कप्तान), दिनेश चांदीमल, दनुष्का गुणथिलका, कामिल मिशारा, जनीथ लियानागे, चमिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, लाहिरू कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, शिरन फर्नांडो, महेश तीक्षाना, जेफरी वांडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, आशियान डेनियल।

## मेदवेदेव , नडाल मैक्सिको ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

**अकापुल्को ।** रुस के स्टार खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। मेदवेदेव ने फ्रांस के बेनोइट पायर को 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर प्रवेश करने के साथ ही नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का अपना अभियान जारी रखा है। मेदवेदेव अगर यहां खिताब जीतने में सफल रहता है तो वह सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच की जगह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे मेदवेदेव पहली बार मैक्सिको ओपन में खेल रहे हैं। मेदवेदेव अगर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं या फाइनल में पहुंचते हैं , वहीं दूसरी ओर और जोकोविच दुबई ओपन में हार जाते हैं तो मेदवेदेव साल 2004 के बाद नंबर एक पर पहुंचने वाले पांचवें खिलाड़ी बन जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले 18 वर्षों में जोकोविच, रोजर फेडरर, राफेल नडाल और एंडी मर्रे ही अबतक शीर्ष पर पहुंचे हैं। मेदवेदेव को यहां खिताब के एक अन्य दावेदार स्पेन के नडाल से सेमीफाइनल में मुकाबला करना पड़ सकता हैहोगा। नडाल ने डेनिस कुडला को 6-3, 6-2 से हराकर शानदार शुरुआत की है। नडाल को अब दूसरे दौर में स्टीफन कोज़लोव से खेलना है। मेदवेदेव पहली बार यहां नडाल से खेल सकते हैं। वहीं अन्य मैचों की बात करें तो यूनान के स्टेफनोस सिटसिपास ने लास्लो जेरे को 7-6(7), 7-6(4) से हराया। एक अन्य मुकाबले में टॉमी पॉल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी के दूसरे सेट में पेट दर्द के कारण हट जाने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि योशिहितो निशियोका ने फेलिसियानो लोपेज को 2-6, 6-0, 6-4 से हराया।

# टीम प्रदर्शन को लेकर रीड मिले आईओए प्रमुख से

**नई दिल्ली ।** भारतीय ओलंपिक संघ ( आईओए ) के प्रमुख नरिंदर बत्रा के टीम प्रदर्शन पर सवाल उठाये जाने के बाद राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड उनसे मिले हैं। इस दौरान दोनो के बीच टीम के प्रदर्शन में आई कमी के कारण ही उसे बेहतर करने पर भी बात हुई। इससे पहले बत्रा ने कहा था कि टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। उसके लिए उन्होंने प्रबंधन पर सवाल उठाया था। इसके बाद रीड की उनसे यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। देश के इस शीर्ष खेल प्रशासक ने हॉकी टीम के हालिया प्रदर्शन में निरंतरता की कमी पर सवाल उठाया था। बत्रा ने कहा कि रीड से बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही हमने 2022 एशियाई खेलों तक की तैयारियों के बारे में चर्चा की जो भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों दोनों के लिए ओलंपिक क्वालीफायर है। बत्रा ने पिछले मंगलवार को हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोमबम को कड़े शब्दों में कहा था कि पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक के बाद टीम का खराब प्रदर्शन गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि टीम का प्रबंधन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। टीम पिछले साल दिसंबर में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब का बचाव नहीं कर सकी और फिर पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका में एफआईएच प्रो लीग के एक मैच में टीम निचली रैंकिंग वाली फ्रांस से हार गई थी। बत्रा ने कहा कि टीम जिस तरह से प्रदर्शन कर रही है वह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है और इस बात पर ध्यान देना चाहिये कि सभी स्तरों पर समस्याएं कहां हैं।







# वाणी कपूर ने बिकिनी टॉप में बिखेरा जलवा



बेफिकरे और वॉर जैसी फिल्मों में नजर आई वाणी कपूर अक्सर अपनी अदाओं से आग लगाती रहती हैं. एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस अंदाज का जादू हर किसी पर चलाती हैं. वाणी ने अब तक जिस भी फिल्म में काम किया है, अपनी अदाओं से आग लगाई है. एक्ट्रेस हाल ही में अपनी स्टाइलिश अंदाज की फोटो फैंस के लिए शेयर की हैं. इन फोटो में वाणी का बहुत ही हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है. फैंस के बीच एक्ट्रेस का ये अंदाज छा गया है. वाणी ने हाल ही इंस्टाग्राम पर अपने चाहने वालों के लिए एक ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं. इन फोटोज में एक्ट्रेस का अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं. वाणी के चाहने वालों को उनका ये नया अंदाज काफी ज्यादा पसंद आ रहा है. हाल में इंस्टाग्राम पर वाणी कपूर ने जो फोटोज शेयर की है, उसमें वह बिकिनी टॉप पहने नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस यलो कलर का बिकिनी टॉप और व्हाइट ट्राउजर फोटो में पहने हुए हैं. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सेक्सी वाला लाइट सा मेकअप भी कर रखा है. एक्ट्रेस फोटोज में काफी कांफीडेंट नजर आ रही हैं. वाणी अपनी फोटोज से फैंस के बीच आग लगा रही हैं. फैंस को वाणी का ये अंदाज काफी पसंद आ रहा है. फैंस एक्ट्रेस की इन फोटोज पर जमकर कमेंट कर रहे हैं. फैंस एक्ट्रेस की इन अदाओं पर एक बार फिर से फिदा हो गए हैं. अभिनेत्री की अगले तीन फिल्में आने वाली हैं, जहां वह बेल बॉटम में अक्षय कुमार के साथ दिखाई देंगी. उनके पास फिल्म शमशेरा है, जिसमें संजय दत्त और रणबीर कपूर हैं, और करण मल्होत्रा द्वारा निर्देशित है, वाणी चंडीगढ़ करे आशिकी में भी नजर आएंगी, जहां वह पहली बार आयुष्मान खुराना के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी. वाणी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे के शो राजुबेन से की थी. इसके बाद उन्होंने यशराज बैनर के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. वाणी को फिल्म शुद्ध देसी रोमांस के लिए ऑडिशन के जरिये चुना गया था. अपनी पहली ही फिल्म में उन्होंने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से आलोचकों के मुंह पर ताले जड़ दिए थे।

## जैकलीन ने 'बच्चन पांडे' के लिए रस्सी पर चलना सीखा

जैसलमेर में हाल ही में 'बच्चन पांडे' की शूटिंग पूरी करने वालीं अभिनेत्री जैकलीन फर्नाडीज ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए



रस्सी पर चलने का प्रशिक्षण लिया। यह एक पतले तार या रस्सी पर चलने का कौशल है। जैकलिन लगभग तीन सप्ताह के लिए जैसलमेर में थीं और उन्होंने लगभग एक में यह कला सीख ली। एक करीबी सूत्र ने कहा, इस कला को सीखना मुश्किल है, जहां एक व्यक्ति को रस्सी पर चलने के लिए शरीर के संतुलन की आवश्यकता होती है, जो जमीन से लगभग आठ से 10 फीट की ऊंचाई पर बंधा होता है। जैकलिन ने आसानी से इस कला को सीख लिया। सूत्र ने कहा कि अभिनेत्री ने पहले भी व्यक्तिगत स्तर पर पोल डांसिंग और एरियल योग का प्रशिक्षण लिया है, जिससे उन्हें इस कौशल को सीखने के लिए शरीर का संतुलन बनाने में मदद मिली। 'बच्चन पांडे' में अक्षय कुमार और कृति सैनन भी हैं। फरहाद सामजी निर्देशित यह एक्शन कॉमेडी फिल्म अगले साल 26 जनवरी को रिलीज होगी।

## एक बार फिर रुकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' की शूटिंग

भारत में कोरोना वायरस के मामले काफी तेज़ी से बढ़ रहे है। जिसके चलते हर कोई काफी परेशान नज़र आ रहा है। वही बॉलीवुड के कई कलाकार इस वायरस की चपेट में आ चुके है जिसमे मनोज बाजपेयी , संजय लीला भंसाली , सतीश कौशिक और कार्तिक आर्यन जैसे कलाकारों का नाम शामिल है। इन बड़े नामो के सामने आने के बाद से बॉलीवुड के गलियारों में हलचल मच गयी है। वही कोरोना के बढ़ते मामले के चलते कई फिल्मो को शूटिंग पर इसका असर देखने को मिलना शुरू हो गया है। इस बिच कार्तिक आर्यन की अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 2' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। कर्तिक की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद से इस फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया है। कार्तिक आर्यन इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बने हुए है जिसको लेकर काफी जबरदस्त चर्चा थी वही हाल ही में कार्तिक की फिल्म धमाके का टीजर रिलीज किया गया था। जिसको काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन कार्तिक के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद से कई सह कलाकारों की पसीना छूट गए है। वही अब फिल्म के बाकि कलाकारों का भी कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। जिसमे कियारा आडवाणी और तब्बू का भी कोविड 19 टेस्ट करवाया जाएगा।

# महेश बाबू के साथ जाह्नवी कपूर करेंगी रोमांस
## करण जौहर की फिल्म में दिखेगी धमाकेदार जोड़ी

तेलुगू एक्टर महेश बाबू इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं. इस फिल्म में महेश बाबू के साथ कीर्ति सुरेश लीड रोल में नजर आएंगी. इसके बाद महेश बाबू एसएस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगे. मगर उससे पहले वह अपनी पैन इंडिया फिल्म की शूटिंग करेंगे. इस फिल्म में वह श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर के साथ रोमांस करते नजर आने वाले हैं. महेश बाबू और जाह्नवी कपूर को साथ में लाने वाले फिल्ममेकर कोई और नहीं बल्कि करण जौहर हैं. जाह्नवी कपूर के टॉलीवुड में डेब्यू को लेकर खबरें लंबे समय से आ रही हैं. कई साउथ के फिल्ममेकर जाह्नवी को अपनी फिल्म में कास्ट करने की कोशिश कर रहे थे मगर ऐसा हो नहीं पाया. हालांकि अब महेश बाबू के साथ जाह्नवी टॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं. रिपोर्ट्स की माने तो महेश बाबू और जाह्नवी कपूर को साथ में लेकर आने वाले फिल्ममेकर करण



जौहर हैं. इस फिल्म की शूटिंग के लिए करण एक यंग डायरेक्टर को ढूंढ रहे हैं. मेकर्स इस फिल्म की शूटिंग 60 दिनों में खत्म करना चाहते हैं. आपको बता दें महेश बाबू के पिता कृष्णा और जाह्नवी कपूर की मां श्रीदेवी ने साथ में कई सुपरहिट फिल्में दी हैं. फैंस को दोनों की जोड़ी और केमिस्ट्री बहुत पसंद आती थी. अब फैंस को महेश बाबू और जाह्नवी से भी वही उम्मीदें हैं. क्या दोनों फिर से अपने पिता और माता जैसा जादू क्रिएट कर पाएंगे. साउथ के स्टार्स को हिंदी दर्शक बहुत पसंद करते हैं. जिसकी वजह से एक के बाद एक एक्टर बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं. प्रभास और यश के बाद अब विजय देवरकोंडा ने बॉलीवुड में कदम रख दिया है. वह करण जौहर की फिल्म लाइगर में अनन्या पांडे के साथ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. लाइगर पैन इंडिया फिल्म है. दर्शकों को उम्मीद है कि यह फिल्म कई रिकॉर्ड तोड़ेगी.

वहीं महेश बाबू की बात करें तो उन्हें कई बार बॉलीवुड फिल्मों के लिए अप्रोच किया जा चुका है. मगर उनका मानना है कि वह तेलुगू फिल्मों पर अपना फोकस रखना चाहते हैं।



# साइना के लुक में परिणीति चोपड़ा ने शेयर की तस्वीर

साइना के लुक में परिणीति चोपड़ा ने शेयर की तस्वीर अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइना को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म बैडमिटन खिलाड़ी साइना की बायोपिक है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल का किरदार निभा रही है। हाल ही में इस फिल्म का



ट्रेलर जारी हुआ था। इस फिल्म में साइना के किरदार में परिणीति को काफी तारीफें मिल रही हैं। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म साइना को लेकर चर्चा में है। यह फिल्म बैडमिटन खिलाड़ी साइना की बायोपिक है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल का किरदार निभा रही है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ था। इस फिल्म में साइना के किरदार में परिणीति को काफी तारीफें मिल रही हैं। वहीं इन सब के बीच अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया है, जिसमें से एक तस्वीर बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की है, जिनकी बायोपिक में परिणीति काम कर रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर साइना के किरदार और गेटअप में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की हैं। इस तस्वीर में परिणीति हू -ब -हू साइना नेहवाल की तरह दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए परिणीति ने लिखा-मैं जीवन में बतौर अभिनेत्री ऐसा एक बार कर बहुत उत्साहित हूंद्य साइना और परिणीति परिणीति की इस पोस्ट पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## बॉबी देओल ने किया अपना जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

बॉलीवुड के कलाकार अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में रहती है वही कुछ एक्टर अब ओटीटी की तरह रुख कर चुके है। ओटीटी पर कई बॉलीवुड कलाकारों को काफी सफलता मिली है। उन्ही में से एक है बॉबी देओल। बॉबी देओल ने ओटीटी पर कदम रखते हैं अपने नाम का डंका बाजवा लिया है। आज बॉबी एक बड़े नाम बन गए है। वही इन दिनों बॉबी देओल अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दे रहे है। वैसे तो बॉबी काफी फिट है लेकिन अब बॉबी एक बड़ा धमाका करने वाले है। सोशल मीडिया पर बॉबी देओल की तस्वीरें कई जबरदस्त तरीके से वायरल हो रही हो रही है। उनकी इस तस्वीर में उनकी जबरदस्त बॉडी नज़र आ रही है। बॉबी का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने के बाद उनके फैंस काफी खुश नज़र आ रहे है। वही के वीडियो में बॉबी काफी जम में पसीना बहते हुए नज़र आ रहे है। हाल ही में रिलीज वेब सीरीज आश्रम और 83 में बॉबी को जबरदस्त फिटनेस को देखकर सभी हैरान थे। वही बॉबी अब अपने 2 की शूटिंग में व्यस्त है। इस फिल्म के लिए बॉबी को जबरदस्त बॉडी की जरुरत है। इस फिल्म में बॉबी जबरदस्त फाइट करते हुए नज़र आने वाले है।



# पहली बार ग्रे किरदार में नजर आएगी यामी गौतम



बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपनी आगामी फिल्म 'ए थर्सडे की शूटिंग शुरू कर दी है। यामी गौतम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर 'ए थर्सडे' की शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। उन्होंने अपने इंस्टग्राम अकाउंट पर क्लैप बोर्ड की फोटो शेयर की। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा- 'ब्रेकिंग न्यूजः आपके लिए आने वाली है ऐसी घटनाओं की सीरीज है, जिसे भूला नहीं जा सकता और ये सब हुआ ए थर्सडे को!' वहीं, यामी के साथ एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने भी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वे भी फिल्म में अहम रोल निभाने जा रही हैं। यामी फिल्म में नैना जायसवाल की भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। वह फिल्म में 16 बच्चों को बंधक बनाने वाले एक प्ले स्कूल की टीचर का किरदार निभा रही हैं। इस फिल्म में यामी पहली बार ग्रे किरदार निभा रही हैं। फिल्म का कोई पोस्टर रिलीज नहीं हुआ है, ऐसे में एक्ट्रेस के लुक को लेकर अभी सस्पेंस बना हुआ है। इस फिल्म का निर्माण आरएसवीपी और ब्लू मंकी फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, ये थ्रिलर फिल्म एक अकल्पनीय दिन 'ए थर्सडे' के बारे में हैं। वहीं, फिल्म में यामी गौतम लीड रोल प्ले कर रही हैं, फिल्म में उनके अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस नेता धूपिया, डिंपल कपाड़िया, अतुल कुलकर्णी जैसे कलाकार भी अहम किरदार निभा रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी फिल्म 'भूत पुलिस' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वो अर्जुन कपूर, सैफ अली खान और जैकलीन फर्नांडिस के साथ अहम किरदार निभा रही हैं।

# होली पर मस्ती खतरनाक साबित हो सकती है, रखें इन 7 बातों का ध्यान



होली पर थोड़ी सी भी लापरवारी हमारे लिए खतरनाक साबित हो सकती है। आजकल बाजार में आने वाले रासायनिक रंगों में लेड ऑक्साइड, मरकरी सल्फाइड, एल्युमिनियम ब्रोमाइड और कॉपर सल्फेट जैसे घातक रसायन होते हैं, जो एलर्जी के अलावा और भी कई परेशानियां पैदा कर सकते हैं। कई रंग तो आपको अंधा भी बना सकते हैं। वहीं पानी में ज्यादा भीगने से भी परेशानी हो सकती है।

1.होली पर सिंथेटिक रंगों से बचकर रहें। इन रंगों में लेड आक्साइड, मरकरी सल्फाइड ब्रोमाइड, कापर सल्फेट आदि भयानक केमिकल मिले होते हैं जो कि आंखों की एलर्जी, त्वचा में खुजली और अंधा तक बना देते हैं। इनकी जगह हिना, हल्दी पाउडर, चंदन, फूलों की पंखुड़ियों का चूरा आदि भी प्रयोग कर सकते हैं, जो कि त्वचा को बिल्कुल नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

2. वे लोग जिन्हें रंगों से एलर्जी हैं, उन्हें हर हाल में इन रंगों से दूर रहना चाहिये। साथ ही एक्जिमा से परेशान लोगों को भी इन रंगों से दूर रहना चाहिए। बेहतर होगा कि रंग खेलने से पहले शरीर पर नारियल का तेल या सरसों का तेल लगा लीजिये, जिससे रंग त्वचा पर ना चिपके।

3. होली खेलते वक्त त्वचा लगातार पानी के संपर्क में रहती है, इसलिये त्वचा पर घाव और कटने-छिलने के चांस बढ़ जाते हैं। अगर आपकी त्वचा कट छिल जाए तो उस पर एंटीसेप्टिक लगाएं और रंग खेलना बंद कर दें।

4. रंग खेलने से पहले बालों में खूब सारा तेल लगाएं और सिर को रुमाल या स्कार्फ से ढक लें। सिंथेटिक रंग बालों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

5. होली के मौके पर पानी में ज्यादा भीगने से भी बचें। इससे बुखार, जुकाम, सिर दर्द, नाक बहना, बदन दर्द आदि की परेशानियां हो सकती हैं।

## सिर ही नहीं रीढ़ की हड्डी के लिए भी फायदेमंद है हेलमेट, जानिए कैसे?



हेलमेट पहनने से जहां आपके सिर की सुरक्षा होती है, वहीं हेलमेट पहनना आंखों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद है। नियम कितने भी सख्त हों, लेकिन ज्यादातर लोग हेलमेट पहनने को शान के खिलाफ समझते हैं। हेलमेट पहनना जहां सुरक्षा की दृष्टि से सही होता है, वहीं हेलमेट पहनने के और भी फायदे हैं। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन के एक शोध में कहा गया है कि हेलमेट पहनने से दुर्घटना के समय आपका सिर ही नहीं रीढ़ की हड्डी की भी सुरक्षा होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि हेलमेट पहनने से सर्वाइकल स्पाइन इंजरी होने का खतरा कम हो जाता है। अगर हेलमेट पहन रखा है और दुर्घटना घट गई, तो रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर होने की संभावना कम हो जाती है। अमेरिका की नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन के अनुमान के मुताबिक, हेलमेट पहनने से मस्तिष्क को गंभीर चोट से बचाया जा सकता है। शोध के सहलेखक पॉल एस. पेज का कहना है कि हेलमेट पहनने से सीएसआई के खतरे को कम किया जा सकता है।

## एमएसपी का मुद्दा

केंद्र सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कमेटी बनाने की घोषणा की है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने राज्यसभा को बताया कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद एमएसपी पर एक समिति की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह दोहराया कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीन कृषि कानूनों को रद्द करने की घोषणा करते हुए कहा था कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी के लिए किसानों की मांग पर चर्चा करने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। तोमर ने कहा, पूरा देश जानता है कि प्रधानमंत्री ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और एमएसपी को प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए समिति के गठन की घोषणा की है। सरकार पीएम द्वारा की गई घोषणा के लिए प्रतिबद्ध है। मामला मंत्रालय के विचाराधीन है और समिति की घोषणा विधानसभा चुनाव के बाद की जाएगी। एमएसपी की मांग को लेकर किसानों ने एक साल लंबा आंदोलन चलाया था और अब एमएसपी की मांग पूरी न होने को लेकर फिर से आंदोलन की बात कर रहे हैं। मगर अब कृषि मंत्री के ऐलान के बाद एमएसपी का मुद्दा पीछे छूटेगा और चुनाव के बाद किसानों की वर्षों पुरानी मांग का समाधान हो जाएगा। देखा जाए तो किसानों की यह मांग कम जटिल मुद्दा नहीं है। अगर मामला आसान होता तो तीनों कृषि कानून वापस लेने की घोषणा के साथ ही सरकार एमएसपी पर भी कोई फैसला कर सकती थी। इससे समझा जा सकता है कि एमएसपी को लेकर सरकार कितनी दुविधा में होगी। दरअसल, एमएसपी का मसला ऐसा है जिस पर कृषि विशेषज्ञ और अर्थशास्त्रियों के बीच भी आमराय आसानी से नहीं बनती दिखती। जहां एक वर्ग का मानना है कि एमएसपी कानून बनने से ही छोटे किसानों को उपज का लाभ मिल पाएगा, वहीं ऐसा नहीं मानने वाला वर्ग कहीं ज्यादा बड़ा है। जाहिर है, एमएसपी का मुद्दा आसानी से नहीं हल नहीं होने वाला। सरकार के सामने व्यावहारिक समस्या यह है कि अगर एमएसपी कानून बन गया तो उसके लिए किसानों की उपज खरीदने की मजबूरी हो जाएगी। यह तर्क भी दिया जा रहा है कि एमएसपी कानून बन जाने के बाद अगर सरकार ने व्यापारियों को तय दाम पर उपज खरीदने के लिए मजबूर किया तो व्यापारी कम दाम पर आयात करने जैसा कदम उठा सकते हैं। संकट यही है कि जब सरकार पूरी उपज खरीद नहीं सकती, व्यापारी निर्धारित एमएसपी पर उपज खरीदने से बचेंगे, तो किसान करेगा क्या? हालांकि एमएसपी की व्यवस्था देश में छठे दशक के दौरान खाद्यान्न संकट के दौरान शुरू की गई थी, ताकि सरकार किसानों से उपज खरीदे और भंडार भरे। यह किसानों के हित के लिए ही किया गया था। पर आज सरकारी गोदाम गेहूं, चावल आदि से अटे पड़े होने का दावा किया जा रहा है। बात यहीं खत्म नहीं होती। विश्व व्यापार संगठन खाद्यान्न खरीद पर सब्सिडी का विरोध करता रहा है। ऐसे में अगर सब्सिडी बढ़ती रही तो निर्यात का संकट खड़ा हो जाएगा। कहा यह भी जाता रहा है कि एमएसपी से छोटे और सीमांत किसानों को कोई लाभ नहीं होता है, सिर्फ पांच-छह फीसद बड़े किसान ही इसका फायदा उठाते हैं। इससे तो एमएसपी व्यवस्था की प्रासंगिकता पर ही सवाल खड़ा हो जाता है। इस बात से कोई इनकार नहीं करेगा कि किसानों को उपज का पूरा दाम मिलना चाहिए। अगर मौजूदा व्यवस्था से समाधान नहीं निकल रहा है तो इसके लिए नए उपायों पर विचार किया जाना चाहिए। एमएसपी संकट का हल तो कृषि विशेषज्ञों, कृषि अर्थशास्त्रियों और किसान संगठनों के नुमाइंदों की समिति को ही खोजना होगा।

# संकीर्णता व दोहरेपन का शिकार प्रवासी मुद्दा

**तनवीर जाफ़री**

भारतीय संविधान देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश के किसी भी नागरिक को देश के किसी भी राज्य अथवा किसी भी केंद्र शासित प्रदेश में जाकर रोज़गार,सेवा अथवा व्यवसाय करने का पूरा अधिकार देता है। परन्तु इसके बावजूद समय समय पर कुछ विशिष्टजन विशेषकर ज़िम्मेदार नेतागण ऐसी भाषा बोलने लगते हैं जिससे न केवल प्रवासी लोगों के मन में अपनी सुरक्षा के प्रति भय उत्पन्न होता है बल्कि इससे हमारी राष्ट्रीय एकता पर भी गहरा आघात लगता है। प्रायः उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, राजस्थान व उत्तरांचल के लोग ही रोज़गार की तलाश में अथवा नौकरी या व्यवसाय की ख़ातिर देश के विभिन्न हिस्सों में आते जाते रहते हैं। इनमें भी विशेषकर उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे देश के दो सबसे बड़े राज्यों के छात्र,कामगार,श्रमिक ख़ास तौर पर मुंबई,दिल्ली,पंजाब व हरियाण जैसे राज्यों में बहुतायत में जाते हैं।इसका मुख्य कारण जहाँ इन राज्यों का जनसँख्या घनत्व है वहीँ अशिक्षा व बेरोज़गारी भी इन राज्यों की बड़ी समस्या है। इत्तेफ़ाक़ से यही देश के ऐसे दो बड़े राज्य भी हैं जो हमेशा ही देश को सबसे अधिक संख्या में नौकरशाह मुहैय्या करवाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में भी प्रायः इन्हीं राज्यों का वर्चस्व रहा है। अनेक महापुरुष व राजनेता इन्हीं दो राज्यों के रहे हैं। कितने सौभाग्यशाली है उत्तर प्रदेश व बिहार जैसे राज्य की धरती कि यह भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह,संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर,तुलसी व कई अन्य महापुरुषों की यह जन्म व कर्मस्थली भी रही है।

परन्तु कितने दुःख का विषय है कि इन्हीं राज्यों के लोग समय समय पर कुछ संकीर्ण क्षेत्रीय मानसिकता रखने वाले नेताओं की संकीर्ण सोच व तंग नज़री का शिकार होने लगते हैं। और कभी कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि यदि अपराधी प्रवृति के किसी प्रवासी ने कहीं कोई अपराध अथवा दुष्कर्म कर दिया तो स्थानीय लोग उसका ग़ुस्सा पूरे प्रवासी समाज पर उतारने पर आमादा हो जाते हैं। उदाहरण के तौर पर सितंबर 2018 में गुजरात राज्य के साबरकांठा में एक मासूम बच्ची के साथ एक मज़दूर ने बलात्कार किया था। बलात्कार का आरोपी बिहार का रहने वाला था। इस घटना के बाद गुजरात के कई शहरों में उत्तर भारत के लोगों के विरुद्ध न केवल विरोध-प्रदर्शन हुये बल्कि कई जगह उनके विरुद्ध स्थानीय लोगों की भीड़ हिंसक भी हो गयी। हिंसा पर उतारू भीड़ का कहना था कि यूपी और बिहार के लोग शहर से चले जाएं वरना उन्हें मार दिया जाएगा। वे कहते सुने जा रहे थे कि %बाहरी लोग राज्य छोड़ दें% साथ ही यह भी कि %गुजराती लोगों को बचाया जाना चाहिए%। इस हिंसा के बाद डरे सहमे उत्तर भारतीयों ने अपने-अपने राज्य-घर-गांवों की ओर बड़ी संख्या में पलायन करना शुरू कर दिया था। उत्तर भारत के बेगुनाह लोगों पर हुए इस हमले के बाद बिहार व उत्तर प्रदेश के लोगों ने कई जगह प्रदर्शन किया था तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध पोस्टर लगाये थे जिसमें लिखा था - 'गुजराती नरेंद्र मोदी बनारस छोड़ो'।

इन दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उत्तर भारतीयों के बारे में दिये गये एक बयान को लेकर भाजपा विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोल दिया। चन्नी ने कहा था कि - प्रियंका पंजाबियों की बहू है। यूपी ,बिहार, दिल्ली के लोगों को यहां राज नहीं करने देना। यूपी के भइयों को पंजाब में फटकने नहीं देना है। बाद में भले ही चन्नी यह सफ़ाई देते रहे कि उनका आशय आम आदमी पार्टी के नेताओं से था,परन्तु तब तक



राजनीति के महाचतुर खिलाड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चन्नी के यू पी बिहार वाले बयान को गुरु गोविन्द सिंह व संत रविदास के अपमान से जोड़ चुके थे। परन्तु जब गुजरात,कश्मीर और महाराष्ट्र से इन्हीं भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह, संत रविदास,महात्मा बुद्ध,कबीर व तुलसी के राज्यों के लोग मारे-पीटे-दुत्कारे व भगाये जा रहे थे और यही यू पी बिहार के कथित हितैषी उन राज्यों की सत्ता के साथ खड़े थे,उस समय यह भगवान राम,कृष्ण,सीता,गुरु गोविन्द सिंह, संत रविदास का अपमान नहीं था? जब इन्हीं राज्यों के लोग कोरोना काल में अपने परिवार,बच्चों व वृद्ध बीमार जनों के साथ हज़ारों किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रहे थे तब क्या वह संत रविदास व गुरु गोविन्द सिंह का अपमान नहीं था ?

अब इसी प्रवासी मुद्दे का दूसरा पहलू भी देखिये। जिस तरह उत्तर भारतीय स्वरोज़गार हेतु देश के संपन्न राज्यों में जाते हैं ठीक उसी तरह पंजाब,हरियाणा,गुजरात,यू पी व बिहार आदि अनेक राज्यों के लोग इसी रोज़गार व व्यवसाय के लिये अथवा शिक्षा ग्रहण करने के लिये अमेरिका-कनाडा जैसे अनेक विकसित देशों में जाते हैं। आज अनेक देशों में उनकी स्थिति ऐसी है कि कोई किसी देश का प्रधानमंत्री है कई विभिन्न देशों में मंत्री,कई जज तो कई सेना व पुलिस में उच्च पदों पर तैनात हैं। कोई सांसद तो कोई वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत के शीर्ष पर है। लाखों लोग विदेशों में बड़े बड़े ज़मींदार-किसान बन चुके हैं। यक़ीनन हमारे देश के लोगों को उन प्रवासी भारतीयों पर गर्व है जो विदेशों में रहकर भारत का नाम ऊँचा कर रहे हैं। परन्तु जब बात 2004 में सोनिया गाँधी के प्रधानमंत्री बनने की आई तो यही राष्ट्रवादी %देशभक्त % उस समय यह कहते फिर रहे थे कि यदि विदेशी महिला प्रधानमंत्री बनी तो सर मुंडा लेंगे,उल्टी चारपाई पर लेटेंगे,भुने चने खाने लगेंगे आदि। इस तंगनज़री का आख़िर क्या जवाब है ? कल्पना कीजिये कि यदि यही रंग भेद व देशी विदेशी की संकीर्ण सोच भारतीयों के विरुद्ध विदेशों में भी पनपने लगी फिर आख़िर हमारे करोड़ों प्रवासी भारतीयों की क्या स्थिति होगी ?

जिस तरह विदेशों में भारतीय प्रवासी अपनी सेवायें देकर अपने अपने देशों के विकास व वहां की व्यवस्था में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं ठीक उसी प्रकार देश के किसी भी राज्य का प्रवासी किसी भी राज्य में श्रम कर अपनी रोज़ी रोटी तो कमाता ही है साथ साथ अपना ख़ून पसीना बहाकर वहां के निर्माण,प्रगति व विकास में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। आम तौर पर किसी भी राज्य के आम लोगों को किसी अन्य राज्यवासी से उसके राज्य अथवा धर्म जाति के आधार पर कोई आपत्ति नहीं होती। आम तौर पर ओछी व संकीर्ण राजनीति करने वाले नेता ही केवल अपना व्यापक जनाधार सिमटता देख इस तरह के संकीर्ण विवादों को जन्म देते हैं। परिणाम स्वरूप कभी कभी विशेषकर चुनावी बेला में प्रवासी मुद्दा संकीर्णता व दोहरेपन का शिकार हो जाता है।

## निरोगी काया भी हो ध्येय

सच्चे अर्थों में जीवन उतने ही समय का माना जाता है, जितना स्वस्थतापूर्वक जिया जा सके। कुछ अपवादों को छोड़कर अस्वस्थता अपना निज का उपार्जन है। सृष्टि के सभी प्राणी प्राय- जीवन भर निरोग रहते हैं। मनुष्य की उच्छृंखल आदत ही उसे बीमार बनाती है। जीभ का चटोरापन अतिशय मात्रा में अखाद्य खाने के लिए बाधित करता रहता है। जितना भार उठ नहीं सकता, उतना लादने पर किसी का भी कचूमर निकल सकता है। बिना पचा सड़ता है और सड़न के रक्त प्रवाह में मिल जाने से जहां भी अवसर मिलता है, रोग का लक्षण उभर पड़ता है। अस्वच्छता, पूरी नींद न लेना, कड़े परिश्रम से जी चुराना, नशेबाजी जैसी आदत स्वास्थ्य को जर्जर बनाने का कारण बनते हैं। खुली हवा और रोशनी से बचना, घुटन भरे वातावरण में रहना भी बीमारी का बड़ा कारण है। भय या आक्रोश जैसे उतार-चढ़ाव भी मनोविकार बढ़ाते और व्यक्ति को सनकी, कमजोर व बीमार बनाते हैं। शरीर को निरोगी बनाकर रखना कठिन नहीं है। आहार, श्रम एवं विश्राम का संतुलन बिठाकर हर व्यक्ति आरोग्य एवं दीर्घजीवन पा सकता है। दूसरे नियम भी ऐसे नहीं, जिनकी जानकारी आमजन को न हो सके। उन्हें थोड़े से प्रयास से जाना जा सकता है। आलस्य रहित, श्रमयुक्त व्यवस्थित दिनचर्या का निर्धारण करना सरल है। स्वाद को नहीं-स्वास्थ्य को लक्ष्य करके उपयुक्त भोजन की व्यवस्था हर स्थिति में बनानी संभव है। सुपाच्य आहार समुचित मात्रा में लेना जरा भी कठिन नहीं है। शरीर को उचित विश्राम देकर हर बार तरोताजा बना लेने के लिए कहीं से कुछ लेने नहीं जाना पड़ता। यह सब असंयम एवं असंतुलन वृत्ति के कारण नहीं सध पाता और हम सुर दुर्लभ देह पाकर भी नर्क जैसी यातनाग्रस्त स्थिति में पड़े रहते हैं।

## भारत पर नजर

**सिद्धार्थ शंकर**

यूरोप में इन दिनों सामरिक हालातों के बीच दुनिया की नजर अब एशिया के रुख पर है। विशेष रूप से विश्व की दो महाशक्तियां रूस व अमेरिका भारत के अगले कदम का इंतजार कर रही हैं। अमेरिका चाहता है कि, यूक्रेन मसले पर भारत उसके पक्ष में खड़ा हो, लेकिन रूस ने भारत को अपनी पुरानी दोस्ती का हवाला दिया है। यूक्रेन पर हमले की तैयारी कर रहे रूस को लेकर भारत के नरम रुख पर अमेरिका ने हैरानी जताई है। अमेरिकी मैगजीन इंटरनेशनल अफेयर्स ने कहा है यूरोप समेत दुनिया के तमाम हिस्सों से यूक्रेन पर रूस की कार्रवाई की निंदा के स्वर उठे हैं, लेकिन भारत ने इस पर चुप्पी ही रखी है। अमेरिकी पत्रिका में कहा गया कि यदि भारत इस मसले पर रूस की निंदा करता है तो इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा और यह साबित होगा कि वह अमेरिका के साथ अपने रिश्तों को लेकर भविष्य में भी गंभीर रहने वाला है। इसके अलावा वह चीन के स्टैंड से भी अलग नजर आएगा। मौजूदा परिस्थिति में भारत यदि अमेरिका का समर्थन करता है तो फिर पुराने दोस्त रूस से नाराजगी का खतरा होगा, जिसके चीन लगातार करीब जा रहा है। इसके अलावा यदि वह रूस के साथ जाता है तो सबसे अहम और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण साथी अमेरिका को खो देगा। वहीं तटस्थता बरतने की स्थिति में दोनों ही देशों की नाराजगी का संकट रहेगा। दरअसल, यूक्रेन मसले पर आक्रामक हो चुका रूस इन दिनों कई बड़े आर्थिक व व्यावसायिक प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। पश्चिमी देश उस पर एक के बाद एक प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच रूस ने भारत से साथ देने की अपील की है। वहीं रूस और यूक्रेन में युद्ध के गहराते संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बिरादरी दो खेमों में बट गई है। यूक्रेन में रूसी सेना घुस गई है। रूस ने पूर्वी यूक्रेन में रूस समर्थित अलगाववादी क्षेत्रों की स्वतंत्रता को मान्यता दी है। इस कदम के बाद अमेरिका, यूरोप सहित ज्यादातर बड़े मुल्क रूस के खिलाफ खड़े हो गए हैं। भारत से भी उनकी



वैसी ही अपेक्षा है। चार देशों के समूह क्वाड में इकलौता भारत है जिसने रूस की आक्रामकता के खिलाफ नहीं बोला है। इस पूरे मामले से उसने खुद को अलग रखा है। बेशक, रूस भारत का करीबी दोस्त रहा है। लेकिन, इसमें चीन फैक्टर को भी नकारा नहीं जा सकता है। बीते कुछ समय में चीन की आक्रामकता बढ़ी है। ऐसे में भारत रूस के खिलाफ बोल बैठे-बैठाए एक भरोसेमंद साथी को गंवाना नहीं चाहता है। चीन को चेक करने में रूस की वो कभी भी मदद ले सकता है। वैसे, रूस-यूक्रेन संकट के बीच भारत बहुत सधे कदम रख रहा है। यह संकट दुनिया के समीकरण बनाने और बिगाडऩे की ताकत रखता है। भारत की स्थिति संवेदनशील है। उसके संबंध रूस के साथ-साथ अमेरिका और अन्य यूरोपीय मुल्कों से भी अच्छे हैं। वहीं, हाल में चीन बहुत ज्यादा आक्रामक हुआ है। बेशक, रूस से हमारी दोस्ती पुरानी है। लेकिन, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि अपने हितों के लिए वह भारत के हितों को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है। जियो पोलिटिकल एंगल से देखा जाए तो भारत का इस मुद्दे से कोई लेना-देना नहीं है। क्योंकि पहली बात तो यह कोई बड़ा युद्ध नहीं है। दूसरा, भारत से दूसर यह यूक्रेन रूस-नाटो-अमेरिका के इर्द-गिर्द यह धुरी घूम रही है। अमेरिका जरूर वॉशिंगटन से भारत पर दोनों देशों की दोस्ती की दुहाई देकर यह यह दबाव डाल रहा है कि भारत उसका साथ दे। हालांकि खुद अमेरिका भी यह जानता है कि रूस और भारत भी परंपरागत साझेदार हैं। इसलिए भारत इस मसले पर किसी भी एक का साथ नहीं देगा। कोरोना काल में दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। ऐसे में चाहे अमेरिका हो, रूस या फिर नाटो के कोई देश, कोई भी युद्ध का खतरा मोल नहीं लेना चाहेगा। फिर भी यदि हालात और गरमा गए तो भारत अपनी ओर से पूरी कोशिश करेगा कि लड़ाई न हो। लड़ाई की स्थिति में भारत किसी भी पक्ष का साथ नहीं देगा, क्योंकि भारत पॉलिसी ही यही है कि वह युद्ध की नीति पर नहीं चलता।

# चलना है तेरा काम..गीत को स्वरबद्ध करने वाले बप्पी लाहिरी

### सूडोकु नवताल- 5993

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -5992 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सविता वर्मा**

अभी संगीत की दुनिया के साथ-साथ हम सब भी स्वर कोकिला लता दी के गम से उबर भी नहीं पाए थे कि बॉलीवुड के पहले रॉक स्टार बप्पी लहरी (बप्पी दा) के जाने की दुःखद खबर पाकर सभी अत्यंत दुखी हैं।

बप्पी दा का जाना बॉलीवुड संगीत की दुनिया की अपूरणीय क्षति है,किन्तु एक कलाकार कभी मरता नहीं है ,वह तो जिंदा रहता है हमेशा लोगों के दिलों में अपनी कला व अपनी आवाज़ के रूप में। बप्पी दा पिछले दिनों से बीमार चल रहे थे और 69 साल की उम्र में मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां 15 फरवरी 2022 की रात 11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली और वह रात उनके जीवन की आखिरी रात बन गयी।

बप्पी दा ने अपने गायन के सफर की शुरुआत तो बांगला सिनेमा से की थी, हाँ लेकिन उन्हें जो पहचान मिली वो बॉलीवुड से ही मिली है । प्यार कभी कम ना करना सनम... एक बेहद खूबसूरत गीत है साथ ही चलते-चलते का ..चलते-चलते मेरे ये गीत याद रखना..कभी अलविदा ना कहना..

तम्मा तम्मा लोगे... के अलावा अनेक डिस्को गीतों को अपनी आवाज़ से सजाने वाले बप्पी लाहिरी को हिंदी सिनेमा में डिस्को किंग के नाम से जाना जाता है। 80 के दशक में उन्हें आई एम ए डिस्को डांसर गाना गाया, जो बहुत पंसद किया गया और बच्चे-बच्चे की जुबान पर ये गाना छाया हुआ था व हर कोई थिरकने लगता था एक और गीत बप्पी दा का जो बेहद मशहूर रहा औव्वा



ओ..ओ... मशहूर संगीतकार और गायक बप्पी लाहिड़ी ने छोटी सी उम्र से ही गीत-संगीत की तैयारी शुरू कर दी थी। जब वह तीन साल के थे तो तबला बजाना सीखने लगे। किशोर कुमार उनके मामा थे और उन्हें ही बप्पी दा को संगीत के क्षेत्र में लाने का श्रेय जाता है। बप्पी लाहिड़ी जब उन्नीस साल के थे तो कोलकाता से मुंबई आ गए थे।

साल 1973 में उन्हें नन्हा शिकारी फल्मि में संगीत देने का काम मिला। उन्होंने अपने माता पिता से ही संगीत सीखा था और इससे पहले बंगाली फल्मि में भी गाना गाया था और उनके पिता अपरेश लाहिड़ी बंगाली गायक थे और मां बांसुरी लाहिड़ी संगीतकार थीं।

हालांकि बप्पी लाहिड़ी को पहचान 1975 में आई फल्मि जख्मी से मिली। इस फल्मि में उन्होंने रफी और किशोर कुमार के साथ गाना गाया।

बप्पी लाहिड़ी भारतीय संगीत जगत के इकलौते ऐसे संगीतकार थे जिन्हें माइकल जैक्सन ने अपने पहले शो में बुलाया था। 1996 में यह लाइव शो मुंबई में हुआ था। हिंदी संगीत में पॉप का मिश्रण लाने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है।

बप्पी लाहिड़ी ने बॉलीवुड गीतों में पॉप का ऐसा तड़का लगाया जो कि हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देता और भारतीय दर्शकों को एक नया स्वाद प्रदान किया।

उनके डिस्को संगीत के तो लोग दीवाने और जब-जब भी उनके डिस्को या पॉप संगीत सुनकर लोग झूमने लगते थे और आज भी जब-जब उनके गीत लोग सुनेंगे तो खुद को थिरकने से रोक नही पाएंगे।

बप्पी दा नहीं रहे लेकिन अपनी आवाज़,अपने गीत-संगीत के रूप में वो हमेशा लोगो के दिलों में जिंदा रहेंगे।

संगीत के साथ ही बप्पी लाहिड़ी राजनीति में भी आये किन्तु वहां उन्हें सफलता न मिल सकी।

बप्पी दा को संगीत में उनके योगदान के लिए 63 वें फिल्मफेयर अवार्ड्स में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था इसके अतिरिक्त भी उन्हें अनेक पुरस्कार व सम्मान से सम्मानित किया गया।

27 नवंबर 1952 को कोलकाता में जन्में बप्पी लाहिड़ी हर समय सोने से लदे रहते थे और इस कारण भी उनकी एक अलग ही पहचान थी।

उनका मानना था कि सोना उनके लिए लकी है। वह लाखों रुपये के आभूषण हर समय पहने नजर आते हैं और उनकी पहली चेन उनकी मां ने उन्हें उपहार स्वरूप भेंट की थी तो वहीं दूसरी चेन उनकी पत्नी ने तोहफे में दी थी।

## बजटः निर्गुण और सगुण दोनों ही

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इस साल का जो बजट पेश किया गया है, उसे भाजपा के नेता अगले 25 साल और 100 साल तक के भारत को मजबूत बनानेवाला बजट बता रहे हैं और विपक्षी नेता इसे बिल्कुल बेकार और निराशाजनक घोषित कर रहे हैं। वैसे जब इस बजट को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण संसद में पेश कर रही थीं तो उनके भाषण को सुननेवाले लोगों को, खासतौर से सामान्य लोगों को लग रहा था कि इस बजट में उनके लिए कुछ नहीं है। सरकार ने न तो रोजमर्रा के इस्तेमाल की कुछ न कुछ चीज़ों को सस्ता करने की घोषणा की है, न आयकर को घटाकर मध्यम वर्ग को कोई राहत दी है और न ही आम लोगों को कुछ मुफ्त सुविधाओं की घोषणा की है। जैसा कि पिछले बजटों के समय जबर्दस्त नौटंकियां होती थीं, वैसी इस बार बिल्कुल भी दिखाई नहीं पड़ीं। कुल मिलाकर यह बजट निर्गुण निराकार-सा लगता रहा लेकिन जब इसके सारे आंकड़े अलग से विस्तारपूर्वक सामने आए और टीवी चैनलों पर तरह-तरह की बहसें सुनीं तो लगा कि इस बजट में बुनियादी सुधार के कई ऐसे कदम उठाए गए हैं, जिन्हें सरकार के द्वारा जनता को सरल भाषा में अच्छी तरह समझाना होगा। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इस बजट में कहीं भी ऐसी झलक नहीं है कि इसका पांच राज्यों के चुनाव से कुछ संबंध है। हर व्यक्ति यह सोच रहा था कि इन पांचों राज्यों के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सरकार इस बजट का इस्तेमाल जरुर करेगी। सच पूछा जाए तो किसानों और मध्यम वर्ग के व्यापारियों और नौकरीपेशा लोग तो इस बजट से निराश ही हुए हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियां जरुर खुश हुई होंगी कि उनके टैक्स में कटौती हुई है लेकिन सरकार ने जो सपने इस बजट में दिखाए हैं, यदि वह इन्हें ठोस रुप दे सकी तो लोक कल्याण काफी हद तक बढ़ेगा। जैसे वह 60 लाख नए रोजगार देगी, 400 नई रेलें चलाएगी, सारे गंगातटीय प्रदेशों में जैविक खेती को बढ़ावा देगी, 80 लाख मकान गरीबों को देगी, 200 नए टीवी चैनलों द्वारा मातृभाषा के जरिए शिक्षा का प्रसार करेगी, लगभग 4 करोड़ घरों में नलों द्वारा शुद्ध जल पहुंचाएगी, पांच नदियों को जोड़ेगी, 25000 किमी की नई सड़कें बनाएगी, लघु-उद्योगों के प्रोत्साहन में सवा दो लाख करोड़ रु. लगाएगी। इस तरह की घोषणाएं सुनने में तो अच्छी लगती हैं लेकिन इन पर भरोसा तभी होगा जबकि लोगों को इनके ठोस फायदे मिलने लगेंगे। कोरोना महामारी ने करोड़ों लोगों को बेरोजगार किया है और करोड़ों की आमदनी आधी रह गई है, मंहगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है, बहुत-से लोग इलाज के अभाव में मारे गए हैं।

# अब घटना संबंधित जानकारी पुलिसकर्मी टेबलेट में करेंगे दर्ज

## -सभी थानों में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिलाए गए दो से तीन टेबलेट



**मुरैना।** ऑन स्पॉट पर घटनाक्रम की जानकारी दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थानों में दो से तीन टेबलेट दिलाए गए हैं, ताकि काम में पारदर्शिता आए और कार्य निष्पक्ष हो सके। इसके अलावा थानों में भी आने वाले मामलों को भी पुलिस कर्मचारी दर्ज कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया द्वारा अपराधों की रोकथाम के लिए मुरैना जिले के सभी थानों को टेबलेट फोन उपलब्ध कराए गए हैं। अब थानों में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों की उंगलियां टेबलेट के की बोर्ड पर चलेंगी। सड़क दुर्घटना में टेबलेट के माध्यम से ही ऑन स्पॉट पर केस दर्ज किया जाएगा। इस मामले में तत्काल की गई कार्रवाई की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को संबंधित पुलिस पदाधिकारी टेबलेट के माध्यम से देने का काम करेंगे। बता दें कि सड़क दुर्घटना और रोड सेफ्टी के लिए पुलिस मुख्यालय से जिला पुलिस को टेबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। तत्काल सभी थानों में दो से तीन टेबलेट दिए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर ऑन स्पॉट एफ आई आर दर्ज की जाएगी, टेबलेट में रोड सेफ्टी ऐप इंस्टॉल होगा। टेबलेट मिलने के बाद पुलिस जनता के प्रति और अधिक जवाबदेह बनेगी। जनसंवाद में आने वाली शिकायत पर मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी, अगर कोई अधिकारी कार्य करने में लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता से फीडबैक लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली में भी सुधार किया जाएगा। पुलिस के बीट सिस्टम को भी अपराधों की रोकथाम व जांच के लिए प्रभावी ढंग से बनाया गया है। एप्लीकेशन में अपराधों के आंकड़ों को डाला गया है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि किन स्थानों पर किस तरह के अपराध या दुर्घटना लगातार हो रही है, जिसकी मॉनिटरिंग करके उनको रोकने की कोशिश की जाएगी। गुरुवार को सिटी कोतवाल योगेंद्र सिंह जादौन ने पुलिस कर्मियों को टेबलेट दिए और अच्छा कार्य करने की हिदायत दी।

## दूध से भरी मेटाडोर ने बालक को कुचला, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र के रतिराम पुरा गांव में मेन रोड पर दूध से भरी मेटाडोर ने एक मासूम बालक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। पुलिस के पहुंचने पर और आश्वासन मिलने पर जाम खोला गया। पुलिस ने मेटाडोर चालक के विरुद्ध दुर्घटना हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर 1 बजे के लगभग करुआ पुत्र धर्म सिंह तोमर 8 वर्ष निवासी रतिराम पुरा घर के बाहर मेन रोड पर खड़ा था, तभी दूध से भरे टैंकर के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बालक को कुचल दिया और मौके पर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। जब तक ग्रामीण आए, तब तक बच्चे नहीं दम तोड़ दिया। आक्रोशित लोगों ने वहां पर जाम लगा दिया, जिसके कुछ देर बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस द्वारा मेटाडोर चालक के विरुद्ध दुर्घटना हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित, चश्मा वितरण किया गया

**मुरैना।** लायंस क्लब समन्वय और लायंस क्लब मुरैना रीजन डायमंड के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ए बन द्वारा संचालित किया गया।



इस कार्यक्रम में डॉ रितु राठी, डॉ धर्मेंद्र गुप्ता, डॉ अनुराग तोमर, डॉ संजीव बांदिल, डॉ संध्या गोयल ने महत्वपूर्ण समय देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस शिविर में दोनों क्लब के सदस्यों ने सहभागिता दी। इस अवसर पर लायंस क्लब के समन्वय अध्यक्ष किरण गुप्ता, सचिव कल्पना चांदनी, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, मुरैना लायंस अध्यक्ष मोनिका कंसाना, कोषाध्यक्ष मीना भदोरिया, एमजेएफ सुधीर वाजपेई, आरसी राजेश बांदिल, जेईसी निधि गुप्ता एवं सदस्यगण सुनीता बांदिल, बबीता जैन, रेखा बांदिल, शालू गोयल, भारती गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन आज

**मुरैना।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के अन्तर्गत प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन आज 25 फरवरी को जिला रोजगार कार्यालय चंबल कॉलोनी परिसर में प्रातः 10.30 से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। प्लेसमेन्ट ड्राइव में 4 कंपनियों द्वारा भाग लिया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी मुरैना ने बताया कि प्लेसमेन्ट ड्राइव में भारत पे ग्वालियर, आई सेक्ट पी.एम.के.के., एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस, पुखराज हेल्थ केयर जालंधर पंजाब द्वारा बेरोजगार आवेदकों की भर्ती की जायेगी। आवेदक कक्षा 10वीं, 12वीं, गेजुएट, रिज्यूम और रोजगार पंजीयन एवं अन्य प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होकर भाग ले सकते है। इसके साथ ही आवेदको आयु 18 से 30 वर्ष तक होनी चाहिये। प्लेसमेन्ट ड्राइव में कोविड-19 का पालन करना अनिवार्य होगा।



## कोरोना वायरस संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिये आवश्यक नवीन दिशा-निर्देश जारी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग भोपाल के आदेशानुसार 22 फरवरी से कोरोना वायरस संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव के लिये आवश्यक नवीन दिशा-निर्देश जारी किये गये है। आदेशों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बी.कार्तिकेयन ने मुरैना जिले में कोरोना वायरस संक्रमण से उत्पन्न आपदा स्थिति के नियंत्रण एवं आमजन के स्वास्थ्य तथा जान-माल की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये लोक हित में लगाये गये समस्त कार्यालयीन आदेशों को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया है। जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेयन ने आमजन से अपेक्षा की है कि वह मास्क, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना सुनिश्चित करें।

## बच्चों को ऑनलाइन गेम से बचाने एडवाईजरी जारी


**मुरैना।** राज्य साइबर सेल ने प्रदेश में ऑनलाइन गेम खेलने की लत से युवा और बच्चों को बचाने के लिये एडवाइजरी जारी की है। राज्य साइबर सेल द्वारा जारी एडवाइजरी में अभिभावकों से कहा गया है कि बच्चों को ऑनलाइन गेम नहीं खेलने के लिये जागरूक करें। उनसे ऑनलाइन गेम के दुष्प्रभाव के संबंध में प्यार से बाते करें। ऑनलाइन क्लासेस के लिए बिना सिम कार्ड का मोबाइल दें, बच्चों को वाईफाई से इंटरनेट इस्तेमाल करने दें। बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी पर नजर रखें। परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल में प्ले स्टोर पर पैरेंटल कंट्रोल ऑन करें। पासवर्ड बच्चों को नहीं बताएं, बच्चों को हर तरह के ट्रांजेक्शन की छूट नहीं दें।

# श्रद्धालुओं ने निरंकारी सत्संग भवन पर चलाया सफाई अभियान

## 27 फरवरी से खुलेगा सत्संग के लिए भवन



**मुरैना।** संत निरंकारी भवन में सेवादारों द्वारा आगामी दिनों में भवन खोले जाने से पूर्व सफाई अभियान चलाया गया। विदित हो कि आने वाले रविवार 27 फरवरी को पूरे भारतवर्ष के निरंकारी भवन खोले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार पूरे भारतवर्ष में संत निरंकारी भवनों पर सफाई अभियान का कार्यक्रम रखा गया। इसी अभियान के तहत आज मुरैना के आमपुरा स्थित संत निरंकारी भवन में सफाई अभियान रखा गया, जिसमें शिवचरण सेवादल संचालक, अरुण पखारिया, शिक्षक केएल यादव और ब्रांच के सेवादल के लगभग 100 के करीब श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इस दौरान संत निरंकारी मिशन की तरफ से आह्वान किया गया है कि 2 साल से संत निरंकारी सत्संग भवन बंद थे, जो आने वाले रविवार 27 फरवरी से खोले जा रहे हैं। इसी क्रम में मुरैना का सत्संग निरंकारी भवन भी खोला जाएगा जिसमें पूर्व की भांति हर रविवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा।




# प्रधानमंत्री आवास से श्रीमती लक्ष्मी पत्नि वर्मा को मिला पक्का मकान

**मुरैना।** साँई धाम संजय कॉलोनी वार्ड क्रमांक 36 निवासी श्रीमती लक्ष्मी पत्नि किशोर वर्मा का पुराना आवास कच्ची दीवारों का बना हुआ था। बारिश का मौसम जब भी आता था, तब इन्हें अपने और स्वयं के छोटे-छोटे बच्चों की चिन्ता बहुत सताती थी कि कहीं बारिश के मौसम में तेज बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवारें और झौंपड़ी गिर जायेगी तो छोटे बच्चों का क्या होगा। श्रीमती लक्ष्मी वर्मा की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। सर्वे सूची के आधार पर श्रीमती वर्मा का नाम प्रधानमंत्री शहरी आवास के हितग्राहियों में आया। जब उन्हें मालूम हुआ कि उन्हें शासन द्वारा आवास निर्माण के लिये ढाई लाख रूपये की राशि प्राप्त होगी तो उन्हें उनका सपना साकार होता हुआ दिखाई दिया। जैसे ही उन्हें प्रथम किश्त एक लाख



रूपये प्राप्त हुई, उन्होंने मकान का कार्य प्रारम्भ कर दिया। धीरे-धीरे दूसरी किस्त भी एक लाख रूपये मिली। इसके बाद तीसरी किस्त के रूप में 50 हजार रूपये प्राप्त हुये। श्रीमती लक्ष्मी वर्मा का पक्के मकान का सपना प्रधानमंत्री आवास के कारण सच हुआ है। इसके लिये वे शासन का धन्यवाद ज्ञापित करती हैं और कहती है कि अब बरसात के समय चिंता नहीं सतायेगी। अब सर ढकने के लिये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने छत जो हमको दी है।

# जन शिक्षण संस्थान में क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आयोजित

**भिण्ड।** गुरूवार को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में प्रशिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया ने बताया कि कार्यक्रम में जिला प्रबंधक कृषि एन0आर0एल0 एम0 जिला पंचायत भिण्ड गब्बर सिंह तोमर द्वारा किया गया। केन्द्र सरकार से जिले में स्किल कार्यक्रम की समीक्षा के लिये पदस्थ अंकित रोहित एवं जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा मॉ सरस्वती पर दीप प्रज्जवलित किया गया। आयोजित केपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 ट्रेनर सम्मिलित हुये। एनआरएलएम के श्री तोमर द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षको को स्व-सहायता की स्थापना व संचालन पर विस्तृत जानकारी दी गयी। श्री तोमर द्वारा सभी प्रशिक्षको को बताया गया कि जन शिक्षण संस्थान से हुनर सीखकर आप लोग स्व-सहायता समूह बनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिये जिस बिषय में कुशल हों, उससे संबंधित कार्य करें। सरकार स्व-सहायता समूह को हर संभव मदद करती है। श्री अंकित रोहित द्वारा सभी उपस्थित प्रशिक्षको व प्रशिक्षणार्थियो से कार्य में आने वाली बाधाओ-समस्याओं की जानकारी ली गयी व सुझाव मॉगे गये। साथ ही उपस्थित सभी को हुनर को निखारने के लिए कहा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप लोग सीखकर सरकार की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत ऋण प्राप्त कर रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदारी करें। जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया द्वारा अतिथि को जन शिक्षण संस्थान भिण्ड की जानकारी दी गयी एवं संचालित प्रशिक्षक केन्द्र का अवलोकन कराया गया व उपस्थित प्रशिक्षणार्थियो से मिलवाया गया। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे, मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिहं कुशवाह, कम्पयूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, प्रशिक्षिका श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, अख्तरी बेगम, सविता श्रीवास, मधू के अलावा 35 प्रशिक्षक व प्रशिणार्थी उपस्थित रहे।



# 21 सूत्री मांगों को लेकर 11 मार्च को भोपाल पहुंचेगी जन जागरण पदयात्रा

### जन जागरण पदयात्रा 13 विधानसभा क्षेत्र ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी गोहद के नेतृत्व मे

**गोहद।** आज दिनांक 24/02/ 2022 को किसान कांग्रेस की जन जागरण पदयात्रा गोहद विधानसभा क्षेत्र गोहद चौराहे से यात्रा का शुभारंभ हुआ इस जन जागरण पदयात्रा को हरी झंडी प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश सिंह गुर्जर द्वारा दिखाई गई, सचिव राघवेंद्र शर्मा के द्वारा कार्यक्रम का संचालन गोहद चौराहा पर किया गया। पद यात्रा में उनके साथ जिला किसान कांग्रेस भिंड के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदोरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तोमर, जिला पंचायत के अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, गोहद विधायक मेवाराम जाटव, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार देशलहरा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा, मुन्ना लाल भटेले, देवी सिंह तोमर, हरिमोहन सिंह गुर्जर, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, शैलेंद्र दसरथ सिंह सिंह, अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर, सूरजभान सिंह उर्फ बंटी गुर्जर, महाराज सिंह गुर्जर, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष गणेश राम शर्मा, गणेश सिंह तोमर, सुमित त्रिवेदिया, केदार कौशल, राजीव कौशिक, रेखा बसिड़िया, तहसील शाह, ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर, मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर, जिला महिला अध्यक्ष रेखा भदौरिया, राजेंद्र सिंह सोलंकी मुरैना, राधा कृष्ण दीक्षित, विष्णु शर्मा, सुरेश कतरोलिया, सरदार बब्बू, लाल बहादुर जादौन, केशव देसाई, सरदार अमरजीत, दिनेश सिंह तोमर, दलवीर सिंह गिल, ब्रह्मा सिंह राजावत, लायक राम माहोर, रमजानी खान, कैलाश माहौर, राहुल उपाध्याय, नन्हे शर्मा, सरदार गगनदीप, अजीत परमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेहगांव नागेंद्र सिंह, विजय भदोरिया, दादा कौरव, पिंकी उचाडिया, राजेंद्र परिहार, जावेद खान, राम रूप सिंह तोमर, सरदार नामधारी, किसान कांग्रेस मालनपुर के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जादौन, सहित सैकड़ों लोग पदयात्रा में शामिल रहे। यह पदयात्रा 24 फरवरी को गोहद से आरंभ होकर 11 मार्च को भोपाल पहुंचेगी।




पदयात्रा में मुख्य रूप से शामिल रहेंगे- अध्यक्ष किसान कांग्रेस रविंद्र सिंह बराड़, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर उर्फ राजू कक्का, सचिव नरोत्तम सिंह चौरसिया, सह सचिव मनोज गुप्ता, सदस्य प्रदीप नागर, सदस्य अमरजीत सिंह बराड़ सदस्य गगनदीप सिंह बराड़, सदस्य मलकीत सिंह, सदस्य सुनील माहौर, सदस्य उमेश सिंह तोमर, सदस्य अशोक सिंह ओझा, सदस्य रशीद खान।

इन मांग को लेकर किसान कांग्रेस गोहद की जन जागरण पदयात्रा भोपाल पहुंचेगी- एमएसपी पर फसल खरीदी की गारंटी दो, फसलों की खरीद पर लगी सर से हटाओ, किसानों के 10 हॉर्स पावर तक के बिजली कनेक्शन मुफ्त करो, किसानों एवं मजदूरों के बकाया बिजली बिल माफ करो, किसानों को टैक्स फ्री डीजल दो, किसानों को प्राकृतिक आपदा में फसलों पर उचित मुआवजा दिया जाए, आवारा पशुओं का समाधान करो, पंजीयन पर लगी शर्तें हटाओ एवं ऑनलाइन फसलों की जानकारी के आधार पर स्वतः पंजीयन हो, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू करो, प्रदेश में चल रहे अवैध उत्खनन को शीघ्र रोका जाए, स्थानीय निकायों के चुनाव जल्द कराए जाएं, संविदा शिक्षकों को नियमित किया जाए, स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ताओं को नियमित व पक्का किया जाए, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जाए एवं कोरोना काल की वजह से युवाओं को 5 वर्ष की भर्ती में छूट दी जाए, औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर गोहद में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाए, कूनों नदी पर डैम बनाकर बीएमसी नहर की जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, किसानों एवं मजदूरों का बैंक ऋण माफ करो, गोहद वेसली डैम का गहरीकरण कर गोहद की जनता को पेयजल समस्या से मुक्त कराया जाए, गोहद सिंचाई विभाग में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए, गोहद में धान की फसल सिंचाई का पुनः एग्रीमेंट चालू करें, बीएमसी नहर को पिपाहडी हेड को गोहद सब डिवीजन में जोड़ा जाए, प्रदेश में एकमात्र डबरा उपज मंडी में लगने वाली आडत बंद करो इन सभी 21 सूत्री मांगों को लेकर किसान कांग्रेस गोहद की जन जागरण पदयात्रा गोहद से भोपाल के लिए रवाना हुई।

जन जागरण पद यात्रा का मालनपुर में हुआ भव्य स्वागत- कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव एवं वरिष्ठ पदाधिकारी राघवेंद्र शर्मा के द्वारा मालनपुर में अपने निज निवास पर जन जागरण पदयात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

## 52 वर्षीय व्यक्ति की हुई हत्या, पुलिस जुटी जांच में

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**पलेरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 13 में गुरुवार की सुबह एक खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई बता दें कि मृतक रामकिशन सेन



उम्र 52 वर्ष निवासी पलेरा जिसका खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे एसडीओपी योगेंद्र सिंह भदोरिया और थाना प्रभारी मुकेश शाक्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा, जहां उसका पीएम कराया जा रहा है। वहीं पुलिस के द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## बेतरतीब ढंग से बनने वाली सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार**-नगर लहार में राष्ट्रिय राजमार्ग क्रमांक 552 जो महाराणा प्रताप चौराहे से श्यामपुरा ग्राम से निकल रहा है के निर्माण में दक्षिण दिशा की तरफ सौ फीट जगह बेतरतीबी ढंग से लिए जाने के संबंध में ग्रामीणों ने संजीव नायक एडवोकेट के नेतृत्व में ज्ञापन पत्र महामहिम राज्यपाल के नाम द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सौंपा।इस पर अनुविभागीय अधिकारी लहार द्वारा ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होने देने व् मामले को संज्ञान में लेने की बात कही।ज्ञापन देने वालों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।जिनमे रविंद्र, नरोत्तम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, संजीव गुप्ता, रामनारायण, वीरसिंह, सत्यनारायण, प्रेमसिंह, शिवराम, बलवीर, मेहरवान सिंह, बिठोले, रामसहाय, जगदीश, रामजीलाल, मुलु, कमलसिंह, हरनारायण, रामस्वरूप, रामलखन, नरेंद्र, प्रमोद, संजीव शर्मा, ममता,मुन्नीदेवी, फूलनदेवी, उत्तम, देवेंद्र कुशवाह, रामलखन, ईश्वर कली, पन्नालाल, अशोक शिवहरे, शीतला शिवहरे, भगवती, फिरंगी सिंह,वी पी सिंह रविशंकर गोविन्द रघुवर दीनानाथ मनोज




राधेश्याम अजय सिंह सुरजा देवी रामनरेश रामकिशोर रामशरण ब्रजेश वर्मा राजेश रजक अजय गणपत शिवनारायण कल्याण बंटी टिल्लूराम रामसिंह रामदास गुपाल कारन सिंह फुसु कुशवाह रामजीलाल लोकसिंह सरनाम सिंह लज्जाराम पूरन बासुदेव अर्जुन सिंह जग्गंनाथ संतराम गुरुदयाल प्रमोद कुमार रमेश बुधोलिया सुरेष रवि चरण सिंह धर्मेंद्र अनीता मुन्नालाल अनिल कुशवाह आदि लोग उपस्थित थे।।

## बजरंग दल प्रखंड पलेरा द्वारा हिंदु हर्षा को दी गई श्रधांजलि



**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

**पलेरा ।** आज हिन्दू वीर हर्षा की कर्नाटक में 6 जिहादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी जिसके के उपलक्ष में आज बजरंग दल प्रखंड पलेरा कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली छोटी स्टेड से बड़ी स्टैंड तिगेला पर श्रद्धांजलि दी गई जिसमें बजरंग दल प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय प्रखंड गौरक्षा प्रमुख रोहित राय पुष्पेंद्र सिंह राजपूत विद्यालय प्रमुख भोले रैकवार सह मिलन केंद्र प्रमुख अभी राजपूत ग्राम आलमपुरा जीवन दीपक कुशवाहा ग्राम लिधौरा बलराम अहिरवार केहर सिंह राजपूत ग्राम टोरी पंचम लाल अहिरवार ग्राम कपासी नीलू राजपूत जेतराम ग्राम गोवा सोनू सोनू राजा श्रीकांत गोस्वामी ग्राम कुडयला गोलू राजपूत रोहित रोहित चढ़ार शिशुपाल राजपूत ग्राम बखतपुरा अवधेश अहिरवार सोनू राजपूत हरदयाल अहिरवार रवि बंशकार बराना दीपेश अहिरवार आलमपुरा थार महेंद्र महेवा पत्थर गोवा नेवरी रामनगर गोरा घूरा सहित सभी ग्रामों के कार्यकर्ता उपस्थित हुए

### माली सैनी समाज यूथ जिला अध्यक्ष राजेश सैनी 25/2/22 को जयपुर में प्रदेश स्तरीय विधानसभा घेराव की तैयारी के लिए गांव गांव ढाणी ढाणी का कर रहे हैं दौरा

**जीतेन्द्र सैनी स्टेट ब्यूरो चीफ राजस्थान**

**सवाईमाधोपुर** - इस दौरान तहसील अध्यक्ष नरेंद्र सैनी भामाशाह घनश्याम सैनी माइंस कॉन्टैक्टर



कन्हैया लाल सैनी चेतन सैनी मुकेश सैनी हरिशंकर सैनी गणेश सैनी बलवीर कुशवाहा आदि समाज बंधु मौजूद रहे

माली समाज अपनी 6 मांगों को लेकर कर रहा है घेराव की तैयारी

(1) महात्मा ज्योतिबा फुले पति को भारत रत्न प्रदान के लिए

(2) राज्य सरकार के द्वारा फुले फाउंडेशन का निर्माण के लिए

(3) माली समाज को 12त्न अलग से आरक्षण अच्छादित करने के लिए

(4) फुल रेजीमेंट उर्फ सैनी रेजीमेंट गठन करने के लिए

(5) हर शहर में सब्जी बेचने वालों की स्थाई जगह निश्चित करने के लिए

(6) हमारे समाज पर अत्याचार करने वालों को तुरंत जेल भेजने वाले एक्ट निर्माण के लिए

## भगवान कुछ मांगने से नहीं,जो आवश्यक हो वो ही देते हैं -नंदिनी भार्गव

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खनियांधाना (सीतापाठा), अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की स्मृति मै आठ दिवसीय भव्य धार्मिक समारोहों का आयोजन। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद चंद्रशेखर आजाद की कर्मभूमि सीतापाठा खनियांधाना के मेला प्रांगण में आजाद की स्मृति ,गौरव दिवस के रुप मैं मनाई जा रही है। इन भव्य धार्मिक समारोहौं मैं 23 फरवरी से शिवपुरी से पधारी हुई कथावाचक वालयोगी पं, वासुदेव नंदिनी भार्गव श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ मैं कथा का वाचन, अपने साथ वाहर से पधारे शास्त्रीय संगीत मर्मज्ञ कलाकारौं के साथ करैंगी।वहीं इस आयोजन कै दौरान27 फरवरी को विशाल कवि सम्मेलन भी आयोजित होगा एवं शिवरात्रि पर्व का भी भव्य आयोजन होगा। श्री मद्भागवत ज्ञान यज्ञ मैं, कथा वाचक वाल योगी पं श्री वासुदेव नंदिनी भार्गव ने श्री मद्भागवत कथा एवं अन्य कथाओं की महिमा पर प्रकाश डालते हुये वताया कि कथा सुनना वहुत वडी वात नहीं,जव पांडाल मैं आकर बैठ गये, फिर तो सुनना ही है, लेकिन कथा सुनने की जिज्ञासा का जाग्रत होना विशेष ही है,हर किसी मैं कथा सुनने की जिज्ञासा नहीं होती है, प्रभुकृपा से ही कथा श्रवण



हो पाती है,और फिर जैसी भूमि होगी फसल भी वैसी ही उपजेगी, अर्थात जैसा संग होगा वैसे ही विचार जन्म लैंगे,कथा सुनने का विचार जन्म लेना ही, मनुष्य की वहुत वडी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हिरण्याक्ष वध के लिये भगवान द्वारा लिये गये, सूकर अवतार की चर्चा की और वताया कि ठाकुर जी भक्त की रक्षा के लिये अपने रुप को भी महत्व नहीं देते है । हम प्रायः हमारी आवश्यकताओं को देखते हैं, लेकिन ठाकुर जी, आवश्यकता नहीं जो सदैव के लिये आवश्यक हो ,वो ही देते हैं। सीतापाठा मेले का यह भव्य आयोजन प्रति वर्ष नगर परिषद खनियांधाना के द्वारा आयोजित किया जाता है,इस मेले मैं वडी संख्या में श्रद्धालु और देशभक्त पधार रहे हैं।

## आदिवासी लोगों के ई-श्रमिक कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वोटर कार्ड बनवाए गये

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विनोद कुमार के मार्गदर्शन में एवं श्रीमती अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आदिवासी बस्ती कठमई में स्थापित आंगनवाड़ी केंद्र में अनुसूचित जनजाति लोगों से संपर्क स्थापित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के लिए पैरा लीगल वालंटियर श्री अमन बेड़िया एवं श्री अमित दांगी द्वारा पूर्व से ही लोगों की समस्याओं से संबंधित सर्वे किया गया, जिसमें पाया गया कि कई लोगों के राशन कार्ड से मिलने वाले राशन को लेकर पात्रता पर्ची नहीं है तो कुछ लोगों के आयुष्मान कार्ड एवं ई-श्रमिक कार्ड भी नहीं बने थे, इसलिए आज शिविर के दौरान स्वाति राठौर, मौसिम कुरैशी एवं ललित शर्मा पैरा लीगल वालंटियर द्वारा मौके पर ही सीएससी के सहयोग से कुल 29 लोगों के आयुष्मान कार्ड, 25 लोगों के ई-श्रम कार्ड, 4 लोगों के आधार कार्ड एवं 21 लोगों के वोटर कार्ड मौके पर ही बनवाए गए। यह प्रक्रिया




दिनभर चली। इसी के साथ श्रीमती अर्चना सिंह ने आदिवासी महिलाओं से संवाद किया। उन्हें स्वावलंबी बनने हेतु सिलाई, पार्लर एवं अन्य कोर्स करने चाहिए और यदि महिलाओं की रुचि है तो कई सामाजिक संस्थाएं एवं आजीविका मिशन से जुड़े हुए लोग इस तरह के कोर्स करवाते हैं ताकि महिलाएं स्वयं एवं अपने बच्चों का जीवन स्तर सुधार सकें। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को मिल रही पोषण आहार से संबंधित रजिस्टर भी देखे गए तथा महिलाओं से पूछा गया कि क्या उनके बच्चों को उचित आहार मिलता है अथवा नहीं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से भी कविताएं एवं अन्य विषयों पर बात की तथा बच्चों को स्नैक्स, नोटबुक एवं पढ़ाई से संबंधित अन्य सामग्री की लगभग 25 किट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वितरित की गईं। ग्रामवासियों को इस कार्यालय की योजनाओं से अवगत कराया गया तथा स्वच्छता एवं शिक्षा की ओर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा, पैरा लीगल वालंटियर श्री अमन बेड़िया, श्री अमित दांगी एवं आंगनवाड़ी केंद्र की संचालिका, शिक्षकगण इत्यादि उपस्थित रहे।

## महाराजपुरा पुलिस ने जांच के उपरांत किया मामला दर्ज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।**शहर के महाराजपुरा थाने के अंतर्गत आने वाले शताब्दीपुरम में पिछले एक साल से चल रहे प्रकरण में पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।जानकारी अनुसार पिछले एक



साल पहले हुए पालतू कुत्ते के भोंकने के विवाद में मामला इतना बढ़ गया कि बात पुलिस रिपोर्ट तक पहुँच गया।बात 11 मार्च सन2021 की है जब शताब्दीपुरम फैस क्यू में शिवानंद शर्मा व उनके घरवाले बाहर बैठे हुए थे तभी मोहल्ले के पड़ोस में रहने वाले प्रशांत राजावत निकला तो कुत्ता भोंकने लगा।यह विवाद इतना बढ़ गया कि प्रशांत ने अपनी मां आशा देवी व मामा दीपक परिहार को बुलाकर पहले मुहबाद हुआ।बाद में पुलिस थाने पहुँच कर रिपोर्ट दर्ज करवाई।थाने में दोनों पक्षों ने आवेदन दिया।उस समय एक पक्ष पर कायमी की गई।जिसमें शिवानंद रंजना व धैर्य के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ।तथा दूसरे पक्ष के आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।तब दूसरे पक्ष द्वारा सीएसपी व एसपी को आवेदन देकर जांच के आदेश करवाकर बारीकी से जांच की गई।यह जांच सउनि सुनील तोमर महाराजपुरा ने बारीकी से जांच की तो एक साल बाद मामला पंजीबद्ध किया गया।जिसमें अपराध धारा 324,323,294,506,34 भादवि में पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## विद्युत ऊर्जा बचत के लिए उपाय

**भोपाल।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिजली बचत के लिए अनेक उपाय बताए हैं द्घ उपभोक्ता घरों पर विद्युत उपकरण का उपयोग न होने पर मुख्य स्विच को आफ करें। ज्यादा से ज्यादा प्राकृतिक रोशनी का उपयोग करें। अपने घर के कमरे, दुकान या कार्यालय से बाहर निकलते समय समस्त विधुत उपकरणों के मुख्य स्विच ऑफ करें। कार्यालय एवं घरों में बीईई 5 स्टार वाले कम विद्युत खपत उपकरणों का उपयोग करें। कम्प्यूटर, मॉनिटर, प्रिंटर, कॉपियर को स्लीप मोड में सेटिंग करें जिससे विद्युत की बचत हो। कार्यालय घरों एवं शोरूम में लगे एयर कन्डिशनर को आदर्श तापमान पर सेटिंग करें और कम से कम एयर कंडिशनर का उपयोग करें। यथा संभव टास्क लाईट का इस्तेमाल करें न कि पूरे कमरे की बिजली जलाऐं। फ्रिज में अधिक गर्म वस्तु न रखें, फ्रिज के दरवाजे बार-बार न खोलें। सभी विद्युत उपकरणों की समय-समय पर रख-रखाव करें। यथा संभव बिजली की बचत एवं बिलों में कमी लाने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत जैसे सोलर पम्प, सोलर पावर प्लाट, सोलर कुकर एवं गर्म जल संयंत्र के उपयोग को बढ़ावा दें।

### जल जीवन मिशन के लिए ऑपरेटर्स का प्रमाणीकरण होगा

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत परिवारों को अच्छी गुणवत्ता का पेयजल निरंतर एवं पर्याप्त मात्रा में प्रदाय कराने के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया है। योजना के सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिले स्तर, ग्राम पंचायत स्तर पर मोटर रिपेयरिंग, मेसन, फिटर पंप ऑपरेटर एवं इलेक्ट्रीशियन में कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता में आरपीएल के माध्यम से प्रमाणीकरण किया जाएगा। इसके लिए समस्त जनपद एवं ग्राम पंचायत में उपयुक्त हितग्राहियों के मोबिलाइजेशन लक्ष्य जनपद स्तर पर निर्धारित तिथियों में पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए समग्र आईडी., बैंक पास बुक की फोटोकापी, फोटोग्राफ, शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड एवं फोटो आई.डी. आवश्यक होगी। पंजीकृत व्यक्तियों को केम्प के माध्यम से 12 घंटे की डोमेन ट्रेनिंग के पश्चात प्रमाण - पत्र प्रदान किया जायेगा

### राष्ट्रगान और वंदे मातरम् 2 मार्च को

**भोपाल।** राज्य शासन के निर्देश अनुसार एक मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण संभागायुक्त कार्यालय परिसर में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा 2 मार्च 2022 को प्रात: 11.00 बजे राष्ट्गान, जन-गण-मन एवं राष्ट्रीय गीत, वंदे मातरम् का गायन होगा। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को 10.45 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### शाकाहारी वन्य-प्राणियों की 3 दिवसीय गणना आज से

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान जू भोपाल क्षेत्र में विचरण करने वाले शाकाहारी वन्य-प्राणियों की तीन दिन तक गणना होगी। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान विभाग ने बताया कि यह गणना 24 से 26 फरवरी तक सुबह 7 बजे से 9 बजे तक की जाएगी। वन्य-प्राणी की गणना को दृष्टिगत पर्यटक 24 से 26 फरवरी के दिन सुबह 10 बजे प्रवेश कर सकेंगे।

### बच्चों को ऑनलाइन गेम से बचाने के लिए एडवाईजरी जारी

**भोपाल।** राज्य साइबर सेल ने ऑनलाइन गेम खेलने की लत से युवा और बच्चों को बचाने के लिये एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में अभिभावकों से कहा गया है कि बच्चों को ऑनलाइन गेम नहीं खेलने के लिये जागरूक करें।

# जवाईपुनर्भरण योजना के साथ खेला खेल

**पुष्पांजलि टुडे पाली राजस्थान**

**पाली ।** पाली 24 फरवरी। पूर्व सरकारी उप मुख्य सचेतक मदन राठौड ने कहाकि ''जवाईपुनर्भरण योजना'' के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धराराजे ने 2018 के आमबजट में 6000 करोड़ की राशि स्वीकृत कर डी.पी.आर. अनुसार प्रथम चरण के लिए 3000 करोड, अर्थात 1800 करोड़ की राशि प्रथम दो बांधों के निर्माण के लिए तथा 1200 करोड़ की राशि उस पानी को नहर व सुरंग बनाकर, जवाईबांध में लाने के लिए थी।



राठौड़ ने बताया कि गेहलोत सरकार ने राजनैतिक द्धैषता के कारण योजना पर रोक लगा कर अब यही राशि गहलोत सरकार के कार्यकाल के सवा तीन वर्ष गुजर जाने के बाद पुनः घोषित किए हैं। यदि पूर्व सरकार द्वारा घोषित राशि नहीं रोकी जाती तो, अब तक जवाईबांध को वह पानी मिल चुका होता। यह भी सही है कि जो 12 करोड 30 लाख स्वीकृत कर, डीपीआर वसुंधराजी ने बनवाई थी, उसी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर ही गहलोत सरकार ने अब यह घोषणा की है। यह भी सही है, कि मैने स्वंय संजय बघेल व तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष करणसिंह नेतरा ने जल संशाधन विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता प्रतापसिंह चावडा के साथ वॅपकोष कम्पनी अधिकारियों के साथ जाकर, प्रस्तावति चारों बांधों के निर्माण स्थल पर, बड़ी बड़ी मशीनों से ड्रिलिंग होते प्रत्यक्ष देखा था। उसी गति से कार्य चलाते रहते तो, अब आगे के दूसरे चरण के कार्य के लिए प्रगतिरत रहते। पूर्व विधायक राठौड़ ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान की इस महत्वपूर्ण योजना में इस प्रकार राजनैतिक द्धैषता से विलंब करना ? यहां की जनता के साथ धोखा है। इसी प्रकार रोहट क्षेत्र के लिए जोधपुर से पानी लाने की मांग वर्षो पुरानी व सही है लेकिन यह सभी जानते हैं कि जोधपुर तो गहलोत का निजी क्षेत्र है, जहां से कोई नई योजना, गहलोत, किसी कीमत पर स्वीकृत नहीं करेंगे और वही हुआ ! जोधपुर से पानी लाने के बदले मंडली से जैतपुर की नई लाईन स्वीकृत करके, जोधपुर से पानी लाने की मांग पर, पूर्ण विराम लगा दिया है ? राठौड ने कहा कि गहलोत साहब! यह मत भूलो कि आप केवल जोधपुर के ही नहीं, अपितु पूरे राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं।

# यज्ञोपवीत(जनेऊ)में होता है त्रिदेवों वास-रमाकांत व्यास

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-नगर दबोह के वार्ड नं.15 में विराजमान भुवनेश्वरी माँ संकटा देवी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में माँ संकटा देवी एवं सभी नगरवासीयो के सहयोग से चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक रमाकांत व्यास ने सभी धर्मप्रेमियों को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि यज्ञोंपवीत(जनेऊ)में त्रिदेवो का वास होता है पहले व्यक्तियों के उपनयन संस्कार होता था।जिसमें जनेऊ पहना जाता है और विद्यारंभ होता है।मुंडन और पवित्र जल में स्नान भी इस संस्कार के अंग होते हैं।सूत से बना वह पवित्र धागा जिसे यज्ञोपवीत धारी व्यक्ति बाएँ कंधे के ऊपर तथा दाईं भुजा के नीचे पहनता है।यज्ञोपवीत एक विशिष्ट सूत्र को विशेष विधि से ग्रन्थित करके बनाया जाता है।इसमें सात ग्रन्थियां लगायी जाती है ब्राह्मणों के यज्ञोपवीत में ब्रह्मग्रंथि होती है।तीन सूत्रों वाले इस यज्ञोपवीत को गुरु दीक्षा के बाद हमेशा धारण किया जाता है।तीन सूत्र



हिंदू त्रिमूर्ति ब्रह्मा,विष्णु और महेश के प्रतीक होते है इसके कई लाभ भी होते है जैसे कि जनेऊ पहनने वाला व्यक्ति ये ध्यान रखता है कि मलमूत्र करने के बाद खुद को साफ करना है।इससे उसको इंफेक्शन का खतरा कम से कम हो जाता है।इसी के साथ कथा वाचक ने भक्त प्रहलाद,नरसिंह अवतार,हिरण्यकश्यप बध,वामन अवतार एवं राजा बलि की कथा संक्षिप्त में सुनाते हुए रामायण की शुरुआत कर अपनी वाणी को विराम दिया।

### हनुमान जी का नाम लेने छूटता है तामसी भोजन-संत रामदास ददरौआ महाराज

संकटा देवी मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा का श्रवण करने के लिए गुरुवार को ददरौआ धाम से पधारे महंत श्री रामदास जी व मिहोनी सरकार महंत व उनके साथ आचार्य पवन शास्त्री जी ने कथा का श्रवण किया।वही उन्होंने कथावाचक रमाकांत व्यास जी का माल्यार्पण करते हुये कहा कि हनुमानजी का नाम मात्र भर लेने से व्यक्तियों का तामसी भोजन छूट जाता है।हनुमान चालीसा का पाठ करने से बल,बुद्धि एवं विद्या का विकास होता है।इसलिए हर व्यक्ति को हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए भगवान का महत्व बताते हुए बीच-बीच मे महाराज श्री ने कथा वाचक की प्रसंशा करते हुए उनकी विशेषताऐ बताई और कहा कि यह बड़े सुंदर भजनो का निर्माण करते है।



## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष से मिले मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड।**भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह से भिंड जिले के नवनियुक्त किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय जयपुरिया ने भोपाल प्रदेश कार्यालय पहुंचकर गुलदस्ता देकर उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन की मजबूती के लिए तन-मन के साथ कार्य करेंगे द्य किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह ने भिंड मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया को मीठा मुंह कराकर उन्हें बधाई दी और कहा कि किसान मोर्चा की ताकत को जिले में मजबूत करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को पहुंचाएं ताकि उन्हें लाभ मिल सके और कांग्रेस द्वारा जो किसानों को झूठ बोलकर भ्रमित किया जा रहा है । प्रत्येक बूथ केंद्र पर पहुंचकर कांग्रेस की किसान विरोधी नीतियों को भी बताएं द्य किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया और माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की द्य

# डर एवं भय का वातावरण समाप्त करो: गोस्वामी

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**भिंड।** मध्य प्रदेश किसान सभा के आवाहन पर गोहद तहसील के झांकरी बस स्टैंड के पास आयोजित धरना एवं जन आक्रोश सभा के माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड रामविलास गोस्वामी ने कहा कि क्षेत्र में डर एवं भय का माहौल है क्योकिआवारा गायों की समस्या क्षेत्र में समस्या है भय की वजह से किसान खेतों पर अपनी फसलों की रखवाली नहीं कर पा रहा आवारा जानवर किसानों की फसल नष्ट कर



रहे हैं ना तो थाने में पर्याप्त बल है ना ही पुलिस तरीके से गश्त कर पा रही इससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं का गोस्वामी ने कहा कि भाजपा सरकारें निरकुंश एवं तानाशाही होती जा रही है जनता को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है को मध्य प्रदेश किसान सभा के राज्य सचिव कामरेड अखिलेश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भयमुक्त व्यवस्था कायम करना सरकार एवं पुलिस की जिम्मेदारी है सरकार और उसका प्रशासन कुंभकरण की निद्रा में सो रहा है कानून व्यवस्था सुधारने की जरूरत यदि कानून व्यवस्था नहीं सुधरी तो आने वाले दिनों में आंदोलन तेज करेंगे सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा के नेता राजेश शर्मा कांग्रेस के युवा नेता शैलेंद्र सिंह गुर्जर पूर्व सरपंच जवान सिंह गुर्जर क्षेत्रीय किसान नेता राकेश प्रजापति माकपा जिला सचिव ओपी बाथम एवं रशीद खान ने संबोधित किया सभा का संचालन राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने किया आखरी में मौ तहसीलदार रविश भदौरिया को ज्ञापन सौंपा गया मौ तहसीलदार सभी किसानों से समस्या निराकरण का आश्वासन दिया।

# सीरवी समाज संगारेड्डी द्वारा आयोजित श्री आईमाता मन्दिर प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

**पुष्पाजंली टुडे**

**हैदराबाद** -दिनांक 19 फरवरी 2022 वार शनिवार को श्री आई माताजी बडेर संगारेड्डी में हर्षोल्लास से भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रातः काल 6-00 बजे से 10.30 बजे तक प्राण प्रतिष्ठापन का मुहूर्त था अतः बोली प्राप्तकर्ता परिवार के पुरुष-महिलाएं परिवार जन सहित नए वस्त्र धारण कर बड़े हर्ष के साथ मंदिर प्रांगण में 6-00 बजे एकत्रित होने लगे पंडित. युधिष्ठिर शास्त्री, इनके कृपापात्र शिष्य हेमंत तिवारी, पंडित प्रतीक , पंडित बंटी , पंडित हिमांशु के साथ 15 पंडितों की स्वर लहरियों एवं सीरवी समाज के धर्मगुरु परम आदरणीय दीवान साहब माधवसिंह तथा आई माताजी के धर्मरथ भैल के पुजारी पूना बाबा के कर कमलों से निर्धारित समय में पाट प्राण प्रतिष्ठापन कार्यक्रम संपन्न हुआ ।सर्वप्रथम मां श्री आई माताजी ( माँ अंबे योग माया ) की मूर्ति स्थापना की गई फिर माँ आई जी का प्रतीक रूप पाट की स्थापना की गई इसके बाद श्री आईमाता के मुख्य मंदिर बिलाड़ा राजस्थान से सीरवी समाज संगारेड्डी के भक्तगणों के द्वारा लाई गई श्री आईमाता की अखण्ड केसर ज्योति की स्थापना की गई। इसके पश्चात श्री आई माता जी का मुख्य कलश (इंडा) चढ़ाया गया एवं उसके साथ ही बोली प्राप्त कर्ता सीरवी समाज संगारेड्डी के अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया संगारेड्डी मारवाड़ में करमावास मालियान, रायपुर) ने अपनी सम्पूर्ण कार्यकारिणी को साथ में रखते हुए श्री आई माता जी की ध्वजा चढ़ाई 7 श्री आईमाता जी की स्थापना के पश्चात राधाकृष्ण जी, खेतलाजी गजानंदजी ,हनुमान बालाजी, शीतला माताजी, एवं दिशा देव की स्थापना बोली दाता परिवार द्वारा पं युधिष्ठिर



शास्त्री एवं हेमंत तिवारी के निर्देशन में मंत्रोचार के साथ संपन्न हुई। सीरवी समाज के इतिहास में पहली बार मंच के कार्यक्रम का संचालन समाज की मातृशक्ति भारती परिहारिया धर्मपत्नी हरिराम परिहारिया सचिव महिला मण्डल शमसाबाद, एवं सम्पादक सीरवी समाज सम्पूर्ण भारत डॉट कॉम के द्वारा सुरीली वाणी में उपयुक्त सदवाक्य के साथ किया गया इनका पूरा साथ इनके पिता दीपाराम काग प्रधानाचार्य पिपलिया कला एवं घीसाराम चोयल ठाकरवास द्वारा मिला एवं विशाल जनसमूह के साथ अपार अतिथियों का स्वागत तथा उद्बोधन का कार्यक्रम संपन्न करवाया। मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान परम आदरणीय दीवान साहब माधवसिंह का अध्यक्ष रूगाराम परिहारिया, सचिव घीसाराम काग ,उपाध्यक्ष पीथाराम चोयल,प्रकाश राठौड़ मास्टर साहब, सह सचिव केसाराम परिहार, कोषाध्यक्ष मोहनलाल चोयल, लिकमाराम सानपुरा, संचार मंत्री मलाराम बरफा, द्वारा महिला मंडल अध्यक्षा हंजा देवी परिहारिया एवं सचिव पोकरी देवी सोलंकी को साथ में रखते हुए साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।उनके पश्चात मंच पर सम्मानित अतिथियों को आमंत्रित किया गया जिनमें विशेष बात यह रही कि सैकड़ों की संख्या में मंच पर सम्मानित अतिथियों को स्थान दिया गया जिनका बोली दाता परिवार द्वारा साफा, मोतियों की माला, दुपट्टा, स्मृति चिह्न भेंट कर सभी सम्मानित अतिथियों एवं भारतभर से संगारेड्डी बड़ेर प्रतिष्ठा में पधारे हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।भूराराम हाम्बड़ जहीराबाद ने साफा , रावतराम काग पठानचेरु ने दुपट्टा, नाथूराम काग लिंगमपल्ली ने माला एवं प्रभुराम जी हाम्बड़ पठानचेरु ने स्मृति चिह्न भेंट करने का लाभ लिया। मंचीय उद्बोधन में दीवान साहब द्वारा श्री आईमाता जी की आरती का गान उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों से करवाया एवं माताजी के बताए हुए नियमों पर चलने एवं धर्म की राह पर सीरवी समाज को आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया। इनके अलावा केसाराम काग, पूर्व विधायक मारवाड़ जंक्शन , रामलाल सेंणचा, गांधीधाम, अध्यक्ष सीरवी समाज ट्रस्ट उज्जैन,आर.बी.चौधरी, अध्यक्ष सीरवी महासभा तमिलनाडु प्रांत, सचिव वीरेंद्र पंवार , लक्ष्मण पंवार पूर्व सम्पादक एवं प्रेमकिशोर बर्फा संपादक चेत बंदे पत्रिका बेंगलुरु, रूपसिंह परिहार चेयरमैन नगरपालिका बिलाड़ा, कमल राठौड़ आई. ई. एस. सुनील चोयल युवा भाजपा नेता जगदीश मुलेवा,पीपलिया कलां सचिव सीरवी समाज परगना समिति रायपुर, उर्जाराम सेंणचा पिपलिया कला अध्यक्ष न्याय समिति सीरवी समाज परगना समिति रायपुर, गौरी देवी काग, पंचायत समिति सदस्या, पारी देवी काग, अध्यक्षा महिला मंडल शमसा, भारती परिहारिया, सचिव महिला मंडल शमसाबाद, हरजीराम काग पूर्व अध्यक्ष शमशाबाद ,आशाराम गहलोत अध्यक्ष शमशाबाद, विजय भाई हाम्बड़ नवसारी, हीरालाल पंवार सूरत , खींवराज परमार पूना, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।मंचीय कार्यक्रम के पश्चात सीरवी समाज संगारेडी के अध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी द्वारा दीवान जी को नजराना एवं आई माताजी के धर्म रथ भैल की जात की गई । दीवान साहब ने अध्यक्ष रूगाराम एवं सचिव घीसाराम का बडेर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शानदार आयोजन पर साफा बंधवा कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में लगभग 20,000 श्रद्धालु भक्तों ने आई माताजी के दरबार में शीश नवा कर प्रसाद ग्रहण किया। इस महा प्रसादी की बोली का लाभ चंदाराम परिहारिया ने लिया था।दिनाँक 11 फरवरी से 19 फरवरी 2022 तक नौ दिवसीय कार्यक्रम में दिन रात एक करते हुए संपूर्ण निर्देशन सहयोग करने पर दीपाराम काग प्रधानाचार्य पिपलिया कला का सीरवी समाज संगारेड्डी द्वारा परम आदरणीय दीवान साहब के कर कमलों से बहूमान करवा कर विदा किया। ज्ञात रहे निमंत्रण पत्रिका प्रकाशन से लेकर, स्मृति चिन्ह,यज्ञ हवन सामग्री प्रेषण, अखण्ड ज्योति दल का मार्गदर्शन सहित सभी कार्य आपने संगा रेड्डी बडेर सदस्य के रूप में किये।संगा रेड्डी बडेर प्राण प्रतिष्ठा का श्री गणेश माही बीज के अवसर पर प्रारम्भिक चौदह बोलियों के साथ किया गया कहा गया है कि श्रीगणेश अच्छा हो जाता है तब पूरा काम सवाया होता है अतः इस अवसर पर शानदार बोलियां बोली गई, बसंत पंचमी के दिन जाजम बिछाने के शुभ कार्य के बाद छः फरवरी को अखण्ड ज्योति दल ने संगा रेड्डी से प्रस्थान कर दीपाराम के निर्देशन में गुड़िया बाबा रामदेव जी मंदिर से प्रारम्भ कर नाडोल आशापुरा माताजी, नारलाई, डायलाणा, भैंसाणा और बिलाड़ा में श्री आई माता जी के समस्त दर्शनीय स्थलों का दर्शन कर रात्रि में दीवान साहब का आशीष पाया तथा नौ फरवरी को प्रातः सात बजे प्रेमा बाबाजी से ज्योति ग्रहण कर दीवान साहब से आशीर्वाद प्राप्त कर हैदराबाद को रवाना हो कर दस फरवरी की सायं संगारेड्डी मंदिर पहुंचे। रात्रि भर बारी बारी से सभी ने ज्योति ग्रहण कर अपने आप को धन्यभागी माना। ग्यारह फरवरी को प्रातः अखण्ड ज्योति का अस्थाई स्थापन कर उसी दिन से कथा व्यास हेमन्त तिवारी कौडिन्य के श्री मुख से श्रीमद्भागवत पुराण कथा का सात दिवसीय विशेष कार्यक्रम रखा गया जिसमें महिलाओं की उपस्थिति शानदार रूप से रही इन्होंने कथा के मध्य गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर खूब लाभ लिया।

# सुशासन की सार्थकता सिद्ध कर गया बरई का सुशासन शिविर





## एक काम की आस में आये पर मिल गईं बहुआयामी सौगातें

ग्वालियर। कोई राशन की पात्रता पर्ची बनवाने आया तो उसकी पात्रता पर्ची तो बनी ही, साथ मे शौचालय भी मिल गया। कोई सामाजिक सुरक्षा पेंशन की आस में पहुंचा तो पेंशन के साथ उसका बीपीएल कार्ड भी बन गया। कोई बहन अपने दिव्यांग भाई को मदद दिलाने लाई तो भाई के साथ उसे भी आगे बढने की राह मिल गई। इतना ही नहीं लोगों की ऐसी मांगें भी मौके पर ही पूरी हुई जिनके निराकरण के लिए निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया पूरी करना जरुरी होती है। यहां बात हो रही है जिले के ग्राम बरई में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर की। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सुशासन के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिये जिला प्रशासन द्वारा बरई में लगाया गया यह सुशासन शिविर सही मायने में सुशासन शब्द की सार्थकता सिद्ध कर गया।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं अपर कलेक्टर श्री एचबी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने दिन भर शिविर में मौजूद रहकर एक सैकडा से अधिक समस्याओं का मौके पर ही न केवल निराकरण कराया बल्कि लोगों को स्वीकृति पत्र भी सौंपे गए। शिविर स्थल पर अस्थाई लोक सेवा केन्द्र, आरसीएमएस में प्रकरण दर्ज करने की व्यवस्था व निर्माण कार्यों की तकनीकि स्वीकृति से लेकर तमाम ऐसे सरकारी कामकाज मौके पर ही निपटाये गए, जिनका निराकरण दफ्तरों से ही सम्भव है। इसे देखकर ऐसा लगा कि बरई के इस शिविर में सभी महत्वपूर्ण विभागों के दफ्तर सिमट आये हैं। शिविर में लगभग 3 दर्जन पात्र हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर कर उन्हें स्वीकृति पत्र भी सौंप दिये गए। इसी तरह नई भू-अधिकार पत्रिका बनाई गई तो कुछ किसानों के भू-अभिलेखों में भी मौके पर ही सुधार कर उन्हें खसरे की नकल सौंपी गई। इसी तरह निर्माण श्रमिकों के भवन एवं सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के नये कार्ड बनवाये और कुछ श्रमिकों के कार्डों का नवीनीकरण भी कराया। इलाज के लिये मदद की आस में आये ग्रामीणों के निशुल्क इलाज का इंतजाम तो कराया ही गया साथ ही उन्हें इलाज के लिये आर्थिक सहायता भी सौंपी गई। शिविर में बरई ग्राम सहित पर्वतीय एंव वनांचल क्षेत्र में बसे एक दर्जन से अधिक गांवो के लोग अपनी समस्याओं का निराकरण कराने के लिये पहुंचे थे। शिविर में ऐसे कई प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही किया गया जिनके लिये लोग महीनों और सालों से दफ्तरो के चक्कर लगा रहे थे।

बरई ग्राम पंचायत से जुडे ग्राम भटपुरा निवासी श्री प्यारेलाल को जब संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र मिला तो उनकी आंखे भर आईं। महीनों से वे इस काम के लिये दफ्तरों के चक्कर लगा रहे थे। इसी तरह श्रीमती राजकुमारी जाटव को जब शिविर में ही दो महीने के राशन के रूप में 8 किलो गेंहू, 2 किलो चावल व नमक की 2 थैलियां मिली तो वे भावुक हो गईं। राजकुमारी जाटव का कहना था कि कूल्हे की हड्डी टूट जाने से मेरी सास श्रीमती बिन्नो बाई पिछले डे? साल से खटिया पर हैं। उन्हें तकनीकी दिक्कतों की बजह से राशन नहीं मिल पा रहा था। भला हो मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी का जो उन्होंने बरई में सुशासन शिविर लगवाया और हमें राहत मिल गई।



एक किशोरी बालिका जलदेवी रावत अपने दिव्यांग भाई सतीश को मदद दिलाने के लिये शिविर में पहुंची थी। कलेक्टर श्री सिंह ने सतीश का नाम बीपीएल सूची में शामिल कराया। साथ ही पात्रता पर्ची भी बनवा दी। कलेक्टर को जब यह पता चला कि जलदेवी रेशलिंग की प्रतिभावान खिलाडी है और वह राज्य स्तरीय जूनियर रेशलिंग प्रतियोगिताओं में भाग ले चुकी है। पर परिवार की कमजोर आर्थिक हालात की बजह से उसने प्रेक्टिस छोड दी है। कलेक्टर ने जलदेवी का हौसला ब?ाते हुए उसे रैडक्रॉस से आर्थिक सहायता दिलाई और कहा कि आप अपनी रेशलिंग की प्रेक्टिस जारी रखें। इसके लिये धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को बुलाकर जलदेवी को अकादमी में भर्ती कराने के निर्देश भी दिये।

### मुन्नी बाई को दिलाया पान के खेत का कब्जा

मदद की आस में सुशासन शिविर में पहुॅचीं श्रीमती मुन्नी बाई ने गुहार लगाई कि गांव के एक दबंग व्यक्ति ने हमारे खेत पर कब्जा कर रखा है जिससे हम पान की खेती नहीं कर पा रहे हैं। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र सिंह ने हिताची मशीन बुलवाई और राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर मुन्नी बाई को उनकी जमीन का कब्जा दिलवाया । साथ ही कब्जा करने वाले दबंग व्यक्ति के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिये।

### राहगीरों की प्यास बुझाने मौके पर ही दिलाई स्वीकृति

बरई गांव के एक सेवाभावी नागरिक श्री लक्ष्मीनारायण ने शिविर में पहुंचकर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से मांग की कि बरई गांव से होकर गुजर रहे एक व्यस्तम मार्ग पर हैण्ड पम्प में मोटर डल जाए और पशुओं के लिये हौद व राहगीरों के लिये एक छोटी पानी की टंकी बन जाए तो सरकार का क्षेत्रीय निवासियों पर बडा उपकार होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने पीएचई के कार्यपालन यंत्री को तलब कर मौके पर ही हैण्ड पम्प मोटर की तकनीकी स्वीकृति दिलवाई। साथ ही हौद व टंकी बनवाने के लिये रेत व गिट्टी का इंतजाम भी करा दिया। उन्होंने निर्देश दिये कि कल तक हैण्ड पम्प में मोटर डालकर हौद व टंकी बनवाने का कार्य शुरू कर दें। यह मांग पूरी होने पर लक्ष्मीनारायण सहित शिविर में मौजूद नागरिक खुशी से झूम उठे और कहने लगे कि प्रदेश सरकार सुशासन शिविरों के जरिये सही मायने में सुशासन की अवधारणा को मूर्त रूप दे रही है।

### पटवारी निलंबित और सेल्स मैन को हटाया

ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण में बाधा बन रहे

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रिता ने नन्हे बच्चों को दिया स्वच्छता का मंत्र, बच्चों ने कहा हम भी बनेगें स्वच्छता के दूत



ग्वालियर। बच्चों के लिए स्वच्छता कितनी महत्वपूर्ण है कि छोटे-छोटे बच्चे भी स्वच्छता के प्रति इतने जागरुक हैं कि वह स्वयं स्वच्छता का संकल्प ले रहे हैं और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरुकता के लिए बनाई गई स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर सुश्री मंत्रिता शर्मा स्कूलों व अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में पंहुचकर बच्चों व बडों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहीं है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के स्वच्छ ग्वालियर मिशन से प्रेरित होकर स्वच्छता ब्रांड एम्बेस्डर सुश्री मंत्रिता शर्मा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा थाटीपुर में संचालित संभागीय बालभवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया तथा सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया और नन्हे बच्चों को समझाया कि गंदगी बहुत बडा राक्षस है इससे बचने के लिए हमें अपने आस पास सफाई रखनी चाहिए तथा अपने घरों से निकलने वाले कचरे को अलग अलग डिब्बों में रखना चाहिए। जिसपर बच्चों ने भी अपने घरों में सफाई रखने व सूखा और गीला कचरा अलग अलग डिब्बों में रखने का संकल्प लिया तथा कहा कि हम भी बनेगें।

## गंदगी फैला रहे अवैध रूप से संचालित 4 वाहन धुलाई सेंटर बंद करा कर जप्त किया सामान, लगाया जुर्माना

### निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सुबह शहर के विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आनंद नगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे 4 वाहन धुलाई सेंटर जो की गंदगी फैला रहे थे उन्हें तत्काल बंद करा कर उनका सामान जप्त कर आया और 7500 का जुर्माना गंदगी फैलाने वालों पर किया। इसके साथ ही ऐसे अवैध रुप से संचालित हो रहे सभी वाहन सेंटर बंद कराने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने प्रातः मेला ग्राउंड के कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण करते हुए ट्रांसफर स्टेशन पर साफ सफाई रखने, गीला व सूखा कचरा अलग अलग करके लेण्डफिल साइट पर भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रैग पिकर्स को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात गोले के मंदिर से होते हुए हजीरा, पाताली हनुमान आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया तथा कांचमेल क्षेत्र मे नए ब्रिंज के पास लाइन नम्बर 1 में निगम डिपो का निरीक्षण किया तथा डिपो के विस्तार के लिए भूमि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही लाइन नंबर 1 की खाली भूमि पर डिपो के ब? वाहन ख? करने के निर्देश दिए तथा यह आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही लाइन नम्बर 2 में स्थित पार्क की भूमि को विकसित कर सौंदर्यीकरण करने, बैंच, लाइट आदि लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए।



निगमायुक्त श्री कन्याल ने सागरताल चौराहे का निरीक्षण करते हुए चौराहे को विकसित करने व साफ सुथरा रखने एवं आस पास की झाडियां साफ कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सागरताल दरगाह के पास सीवर व पानी की लाइन की समस्या का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं वार्ड 5 स्थित रायबाग कॉलोनी, आनंद नगर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

साथ ही कई क्षेत्रों में निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अतेंद्र सिंह गुर्जर, सी सी ओ श्री सुशील कटारे, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान, नोडल अधिकारी कार्यशाला श्री शैलेन्द्र सक्सैना, नोडल अधिकारी पार्क श्री मुकेश बंसल, एई श्री लल्लन सेंगर, वार्ड मॉनीटर श्री पवन शर्मा, क्षेत्राधिकारी श्री राजीव सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**भैंस डेयरी पर गंदगी फैलाने पर 5 हजार का जुर्माना**

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 12 लाइन नंबर 1 में श्री हरिओम शर्मा की भैंस डेरी पर गंदगी पाई जाने पर एवं उनके द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 5 हजार का जुर्माना वसूल किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ ग्वालियर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### क्राईम ब्रांच व थाना ग्वालियर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को लगभग 12 लाख 50 हजार रूपये कीमत की स्मैक सहित किया गिरफ्तार



ग्वालियर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध लगातार पूर्व से ही प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 24.02.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक तस्कर थाना ग्वालियर क्षेत्रान्तर्गत कालू बाबा की बगिया के पास अवैध मादक पदार्थ बैचने के लिये ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री सतेन्द्र सिंह तोमर को क्राईम ब्रांच तथा थाना ग्वालियर की संयुक्त टीम बनाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले बदमाश को पकड़ने हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में डीएसपी, अपराध श्री रत्नेश तोमर, श्री विजय भदौरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 24.02.2022 को थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी ग्वालियर निरी. आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच व थाना ग्वालियर की टीम को भेजा गया। पुलिस टीम को थाना ग्वालियर क्षेत्रान्तर्गत कालू बाबा की बगिया के पास मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसके पेंट की जेब से एक सफेद रंग की पालीथिन से 124 ग्राम स्मैक रखी हुई थी, जिसे विधिवत जप्त किया गया, कुल जप्त स्मैक 124 ग्राम अनुमानित कीमती 12 लाख 50 हजार रूपये है।

पकड़े गये स्मैक तस्कर से पूछताछ में




## प्रसिद्ध संत रामप्रसाद ने भी दिया स्वच्छता का संदेश, भागवत कथा में पहुंचे निगमायुक्त श्री कन्याल

ग्वालियर। स्वच्छता में ही ईश्वर का वास है और भारतीय संस्कृति में स्वच्छता को भी धर्म माना गया है। इसलिये ईश्वर आराधना से पहले मन, घर , पडौस , गली का भी स्वच्छ होना जरूरी है। उक्त उदगार आज रामद्वारा में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञानयज्ञ में प्रसिद्ध संत रामप्रसाद जी महाराज ने व्यक्त किये। महाराज श्री ने उपस्थित कथा श्रोताओं को स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया। उन्होने कहा कि नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल और उनकी पूरी टीम स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में ग्वालियर को टॉप पर लाने के प्रयास कर रही है, में उनके प्रयास सफल हों इसकी कामना करता हूं।

महाराज श्री रामप्रसाद ने कहा कि हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों ने भी स्वच्छता का संदेश दिया है, जैसे दीपावली से पूर्व हम घर की साफ-सफाई कर लक्ष्मी जी का आगमन करते हैं, उसी प्रकार नगर जिले की प्रगति के लिये स्वच्छता होगी तो हम सभी स्वस्थ होंगे, हमारा घर परिवार भी स्वस्थ होगा और इससे नगर जिला, प्रदेश, राष्ट्र भी स्वस्थ होकर मजबूत होगा। महाराज श्री ने स्वच्छता के लिये श्रोताओं से हाथ उठवाकर संकल्प दिलाया।



इस मौके पर महाराज श्री रामप्रसाद जी ने नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल का अभिनंदन किया , वहीं निगम आयुक्त कान्याल ने भी उनका स्वागत कर आशीर्वाद लिया। नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल ने भी इस मौके पर उपस्थित सैकडों श्रोताओं से आव्हान किया कि हम ग्वालियर को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि ग्वालियर ऐतिहासिक शहर है इसको सुंदर और स्वच्छ बनाये रखना हमारी सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। कान्याल ने लोगों से कहा कि हर घर , हर गली, मोहल्ले के लोगों से मेरा आव्हान है कि कचरा सडक पर न डालकर निर्धारित स्थान पर डालें।

नगर निगम आयुक्त कान्याल के स्वच्छता अभियान के लिये लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन दिया और संकल्प भी लिया। इस मौके पर नगर निगम के अपर आयुक्त मुकुल गुप्ता, अधीक्षण यंत्री जेएन पारा, उपायुक्त स्वास्थ्य सत्यपाल सिंह चौहान, नोडल अधिकारी पार्क मुकेश बंसल नोडल अधिकारी कार्यशाला शैलेन्द्र सक्सैना, स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म पमनानी, जेके टायर के एडवाईजर पी कुलकर्णी, भारत स्काउट गाइड के सहायक जिला कमिश्नर विनय अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. यादव के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 35 कर्मचारी, वेतन काटने के निर्देश



ग्वालियर। ग्वाालियर शहर को साफ व स्वचछ रखने एवं स्वच्छता में निरंतरता लाने के उददेश्य से निरंतर अधिकारियों द्वारा मॉनीटरिंग कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है। इसी के तहत आज बुधवार को उपायुक्त स्वास्थ्य डॉ. अतिबल सिंह यादव द्वारा वार्ड क्र 22, 29, 30, 45, 56, 57, 58, 59 एवं 60 का निरीक्षण किया गया। सभी वार्डों में कुल 35 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनका वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर नगर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न वार्डों में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग की जा रही है। उपायुक्त डॉ अतिबल सिह यादव द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ ही साफ सफाई एवं नाले व नालियों की सफाई का निरीक्षण कर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478